CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 13 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता : खड़गे पेज 2



भारतीय क्रिकेट के लिए अगले 12 महीने होंगे बेहद व्यस्त खेल टाइम्स



पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय सम्पादकीय



युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं पेज 12

# अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे: मुजतबा

**■ यूएस-इजरायल से जंग के बीच ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने जारी किया पहला बयान, सेना का किया धन्यवाद**



**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए, लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया।

बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है। मुजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा कि मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा।

# होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरे भारतीय झंडे वाले तेल टैंकर

**■ विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इजरायल- अमेरिका युद्ध के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है।

ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। इसके बाद कम से कम दो भारतीय टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। यह वही समुद्री मार्ग है, जहां बढ़ते तनाव के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय जहाजों की -शेष पृष्ठ दो पर

## 23वां रोजा

### जरूरतमंदों को दान देने की सीख देता है रोज़ा



रमजान का आखिरी अशरा चूंकि दोजख से निजात का है, इसलिए ज़ेहन में यह सवाल उठना बहुत कुदरती बात है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाएं? इसका जवाब है सच्चे दिल और पाक ज़ज़्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए, लेकिन फिर यह सवाल है कि दिल सच्चा और ज़ज़्बा पाक कैसे होगा? इसका जवाब है कि जब अल्लाह तौफीक देगा, तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा। यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई और ज़ज़्बे की पाकीज़गी की तौफीक किसे देगा? इसका जवाब हमें कुरआने-पाक की सूरह 'लैल' की पांचवीं-छठी और सातवीं आयत में मिलता है। इन आयतों में अल्लाह का इरशाद है-'तो जिसने दिया और परहेज़गारी की और नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे।' इन आयतों की रोशनी में ज़ाहिर हो जाता है कि तौफीक देने वाला अल्लाह है और रोज़ेदार के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए वो ज़रूरतमंदों को जकात, सदका और खैरात दे। इसके अलावा परहेज़गारी और नेक बात को सच तस्लीम करे और जाने भी और माने भी। ऐसा परहेज़गार और नेक रोज़ेदार अल्लाह से तौफीक पाता है एतेकाफ में बैठने की।

# ईरान का ओमान पर बड़ा हमला

## सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से किया अटैक

**■ हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया, खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव**
**■ ओमान के सुल्तान ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से संपर्क कर कड़ा विरोध दर्ज कराया**



**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था।

अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था।

## इराक में हुए हमले में एक भारतीय की मौत

**ईरानी सुसाइड बोट से टक्कर के बाद अमेरिकी तेल टैंकर में लगी आग**

**नई दिल्ली।** इराक की समुद्री सीमा में एक अमेरिकी तेल टैंकर पर ईरानी सुसाइड बोट ने हमला किया। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई।

कंपनी ने भारत सरकार से नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस हमले के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की मांग की है। इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। यह घटना इराक की समुद्री सीमा के अंदर हुई। जिस जहाज पर हमला हुआ, मृतक का नाम सेफसी विष्णु है। यह अमेरिका का जहाज है और इस पर मार्शल आइलैंड्स का झंडा लगा है। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें से एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि बाकी 27 कर्मियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों को इराक के बसरा शहर ले जाया गया है।

# शब्बीर शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कोर्ट ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था।

अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं। उन्होंने अदालत में पुनः तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाह लंबे समय से जेल में हैं और मुकदमे की प्रक्रिया अभी भी लंबित है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पक्ष रखा और जमानत का विरोध किया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ट्रायल की प्रक्रिया में कुछ विसंगतियों की ओर भी संकेत किया। अदालत ने कहा कि मामले में मुकदमा अपेक्षा से अधिक लंबा खिंच रहा है और आरोपी लंबे समय से जेल में है। इसी आधार पर अदालत ने फिलहाल शब्बीर अहमद शाह को जमानत देने का फैसला किया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में 4 जून 2019 को शब्बीर अहमद शाह को गिरफ्तार किया था।

## माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए, तो यह अनुचित भेदभाव होगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही माना। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पीएसयू, बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे।

# सीईसी के पद से हटाए जा सकेंगे ज्ञानेश कुमार!

**■ लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए, किसी एक सदन में आज जमा होगा नोटिस**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूत्र के मुताबिक, इस नोटिस को शुक्रवार (आज) किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्य पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए। नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सूत्र ने बताया कि नोटिस पर इंडिया ब्लॉक के राजनीतिक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। एक अन्य सूत्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है।

## घर में नमाज पढ़ने से रोकने के मामले में बरेली के डीएम- एसएसपी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में एक घर में नमाज पढ़ने पर पुलिसिया कार्रवाई और उसके बाद पीड़ित को मिलीं धमकियों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना का दोषी मानते हुए 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि तय समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान घर के मालिक हसीन खान ने अदालत के सामने बयान दर्ज कराया। बताया कि 16 जनवरी 2026 को परिवार के साथ वह घर में नमाज पढ़ रहे थे, तब पुलिस उन्हें उठाकर ले गई और उनका चालान कर दिया।

# सरकार एलपीजी आपूर्ति पर ध्यान दे: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में रसोई गैस और तेल की किल्लत का यह शुरुआती दौर है और बदले माहौल में सरकार को ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदर उठाने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में एलपीजी और तेल की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। इस बारे में मैं सदन में बोलना चाहता था, लेकिन कोई नई प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें मंत्री पहले तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा और फिर मंत्री उस पर जवाब देंगे। अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। यह अस्थिरता की तरफ बढ़ने की स्थिति है और जब आप अस्थिर समय में जाते हैं, तो इस हाल में मानसिकता बदलने लगती है, क्योंकि यह पहले जैसी में नहीं रह सकती इसलिए सरकार को सुझाव है कि वह संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करे।




# देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ देश में कच्चे तेल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में: पेट्रोलियम मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। मंत्रालय के मुताबिक किसी भी पंप पर ड्राई आउट यानी तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी कर सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पहले करीब 25 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और बेहतर होगी। सुजाता शर्मा ने यह भी बताया कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने देश में कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। इनकी पहचान दीप्तू कुमार पाल और रमा बेगम के रूप में हुई है। वे बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और छह बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे और उन्हें पहले उत्तराखंड से वापस भेजा गया गया था। हालांकि, वे देश में फिर से घुसने में कामयाब रहे और फिर से गैर-कानूनी कामों में शामिल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों कथित तौर पर अवैध गतिविधियों का हिस्सा थे और लोगों को भारत में गैर-कानूनी तरीके से रहने में मदद कर रहे थे।

### फारूक पर हुए हमले की कड़ी निंदा की

**श्रीनगर।** विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस घटना की गहन जांच की मांग की है। अब्दुल्ला बुधवार रात उस समय बाल-बाल बच गए थे, जब एक व्यक्ति ने एक शादी समारोह में बेहद करीब से उनपर गोली चला दी थी। इस दौरान अब्दुल्ला के साथ उपमुख्यमंत्री सुरिदर चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर वानी भी मौजूद थे। आरोपी की पहचान कमल सिंह जामवाल के रूप में हुई है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पुलिस इस 'परेशान करने वाली सुरक्षा चूक' की तह तक जाएगी।

### घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त, किसी तरह की कमी नहीं है: सरकार

# यूपी के कई शहरों में अफवाहों से अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच उत्तर प्रदेश के कई शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की संभावित कमी को लेकर अफवाहों से घबराहट का माहौल बन गया है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ गैस सिलेंडर की बुकिग कर दी, जिससे कंपनियों के सर्वर धीमे पड़ गए और कई जगहों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है।

गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक, हाल ही में लागू किए गए उस नियम के कारण भी लोगों में घबराहट बढ़ी है, जिसमें पिछले रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति है। संचालकों का कहना है कि हजारों उपभोक्ताओं द्वारा एक साथ बुकिंग करने से ऑनलाइन सिस्टम पर दबाव बढ़ गया और कई जगह सर्वर अस्थाई रूप से प्रभावित हुए। इसके बाद कई उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंचने लगे। मेरठ में करीब 80 गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है। हालांकि मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नमोह जैन ने कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य है और घबराहट के कारण बार-बार बुकिंग करने से सिस्टम पर दबाव बढ़ा है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने भी कहा कि जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नमोह जैन ने किसी भी कमी की चिंता को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि घरेलू एपीजी सप्लाई बिना किसी रुकावट और ठीक-ठाक बनी हुई है। उनके मुताबिक कंज्यूमर्स में घबराहट की वजह से बेवजह और बार-बार बुकिंग हो रही है, जिससे सिस्टम पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर के मौजूदा हालात की वजह से लोगों में डर बढ़ गया है, भले ही सप्लाई चेन स्थिर हैं और स्थिति कंट्रोल में है। प्रयागराज में होटल और रेस्तरां संचालकों ने आरोप लगाया कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर खुले बाजार में बेचे जा रहे हैं। कुछ होटल संचालकों का कहना है कि व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति धीमी होने से कारोबार पर असर पड़ रहा है।



■ उस नियम के कारण भी लोगों में घबराहट बढ़ी है, जिसमें पिछले रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति है

### घरेलू गैस की किल्लत नहीं होने देंगे: खन्ना

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ईरान-इजरायल युद्ध से उत्पन्न परिस्थितियों पर सरकार की नजर है और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की किसी भी तरह की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। भाजपा सदर विधायक सरिता भदौरिया के पुत्र रोहित के विवाह समारोह में शामिल होने इटावा पहुंचे श्री खन्ना ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युद्ध के कारण कुछ परिस्थितियां बनी हैं, लेकिन सरकार स्थिति से प्रभावी तरीके से निपट रही है और प्रयास है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई गैस या अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान कानून व्यवस्था बेहतर हुई है।

## रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कूटनीतिक रूप से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा कि जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं। खड़गे ने एलपीजी संकट को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया और कहा 'कूटनीति की विफलता' गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है। उन्होंने मोदी को संबोधित करते हुए लिखा- नरेन्द्र मोदी, बहुत हुई 'मन की बात' जरा संसद में आकर करिए मुद्दे की बात।



■ प्रधानमंत्री चुनावी दौरों में व्यस्त और देश रसोई गैस की कमी के संकट से त्रस्त: खड़गे

## देश में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं: पुरी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है, एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और सरकार की प्राथमिकता है कि देश में करोड़ों परिवारों की रसोई में खाना पकाने के लिए गैस की कमी नहीं रहे।

ईरान और अमेरिका-इजराइल के युद्ध के कारण देश में होर्मुज जलडमरुमध्य में बने प्रतिकूल हालात का जिक्र करते हुए पुरी ने लोकसभा में कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद भारत को इसके परिणामों से पार पाना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद पुरी ने कहा कि दुनिया ने ऐसा संकट ऊर्जा के इतिहास में कभी नहीं देखा। होर्मुज जलडमरूमध्य से 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। इतिहास में पहली बार वाणिज्यिक पोत परिवहन के लिए होर्मुज को प्रभावी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने देश में सामने आ रही एलपीजी सिलेंडर की कमी से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले पांच दिन में एलपीजी उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा है। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, गरीबों की रसोई को (एलपीजी की) किसी कमी का सामना नहीं करना पड़े। पुरी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक पड़ोसी देश ने सारे स्कूल बंद कर दिए हैं।

एलपीजी का उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा



## यूपी बनेगा मेडिकल हब, मिलेंगे युवाओं को रोजगार: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में 215.20 करोड़ निवेश से टीआई मेडिकल्स प्रा. लि. की मेडिकल डिवाइस निर्माण इकाई स्थापना और भूमि सब्सिडी को मंजूरी दी।

कंपनी द्वारा गौतमबुद्ध नगर स्थित यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के मेडिकल डिवाइस पार्क क्षेत्र में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर करीब 215.20 करोड़ रुपये के निवेश से चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश की एफडीआई, एफसीआई और फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के तहत प्रस्तावित है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार कंपनी को अनुमन्य सब्सिडी के तहत 14.77 करोड़ रुपये की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। यह राशि केंद्र सरकार की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत पहले से प्राप्त सब्सिडी को समायोजित करने के बाद दी जाएगी। इस निवेश से प्रदेश में मेडिकल डिवाइस निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगी।



■ यमुना एक्सप्रेसवे पर 215 करोड़ के निवेश से लगेगी चिकित्सा उपकरण इकाई

### राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन और रामनवमी को लेकर तैयारियां समय से हों पूरी: योगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे और राम नवमी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## समाज में नकली संतों का अंत होगा: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। यादव दोपहर करीब 12:30 बजे अपने आवास से कृष्णानगर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से भेंट की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि वह शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने आए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत से पहले शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है।

उन्होंने गोरक्षा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय गायों की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे और भविष्य में भी गायों की सेवा के लिए जो संभव होगा, वह किया जाएगा। इस दौरान अखिलेश यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम भी किया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अनु टंडन भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ से गोरक्षा जनजागरण अभियान की शुरुआत की है। इससे पहले वह 8 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू कर विभिन्न जिलों का दौरा करते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचे थे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76034.42 |
| निफ्टी | 23866.85 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 161557 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 267182 |








## स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट जारी, प्रमुख शेयर सूचकांक और एक प्रतिशत तक नीचे आए

मुंबई, वार्ता

पश्चिम एशिया में युद्ध की विभीषिका गहराने और फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले की बढ़ती घटनाओं से ईंधन बाजार पर दूरगामी असर की आशंकाओं के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में जारी गिरावट का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और प्रमुख शेयर सूचकांक लगभग एक प्रतिशत नीचे बंद हुए। आज के कारोबार में बैंकिंग, वित्तीय सेवा और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर था।

बीएसई 30 में बिजली क्षेत्र की एनटीपीसी और पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और एचसीएल को छोड़ कर 24 शेयर गिरावट घाटे में बंद हुए। बाजार कल भी गिरावट में था। मुंबई बाजार में सबसे ज्यादा खरीदे-बेचे जाने वाले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई 30 सेंसेक्स कल की तुलना में 829.29 अंक (1.08 प्रतिशत) गिर कर 76,034.42 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों पर आधारित निफ्टी-50 भी 227.70 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 23,628 .65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1,342.27 अंक लुढ़ककर 76,863.71 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 394.75 अंक टूटकर 23,866.85 अंक पर बंद हुआ था। बीएसई 30 आज 76,369.65 पर खुला और कारोबार के दौरान इसका अधिकतम स्तर 76,681.71 तथा निम्नतम स्तर 75,871.18 रहा। इसी तरह 23,674.85 पर खुल कर ऊपर में 23,833.15 और नीचे में 23,556.30 तक गया था। भारत अपनी तेल और गैस की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। ईरान की लड़ाई के बाद फारस की खाड़ी में हार्मूज जल-डमरूमध्य मार्ग से गुजरने वाले समुद्री नौवहन मांग में टैंकर पोत परिवहन प्रभावित हुआ है। फारस की खाड़ी में पिछले कुछ दिन से कई पोतों पर सैन्य हमलों के कारण चिंता बढ़ गई है। इस मार्ग से विश्व में करीब 20 प्रतिशत ईंधन की ढुलाई होती है। इसके प्रभावित होने के कारण वैश्विक बाजार में तेल और गैस की कीमतें उछाल पर हैं।



## लगातार दूसरे दिन सोने और चांदी में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन गिरावट की वजह से चांदी का भाव 2.67 लाख रुपये प्रति किलो के आसपास आ गया है। हालांकि सोने की कीमत 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर बनी हुई है। सुबह 10 बजे के आसपास चांदी में 900 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है। इसके साथ ही सोने में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10 बजे के आसपास 10 ग्राम सोने का दाम 1,61,557 रुपये चल रहा था। इसमें 232 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने 12 मार्च सुबह 10 बजे तक 1,61,081 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,62,991 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। सुबह 10.02 बजे 1 किलो चांदी का दाम 2,67,182 रुपये चल रहा था। इसमें 1309 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। चांदी ने अब तक 2,66,174 रुपये प्रति किलो का लो और 2,74,665 रुपये प्रति किलो का हाई बनाया है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 161,780 रुपये, जयपुर में 161,850 , कानपुर में 163,270 , लखनऊ में 163,270, भोपाल में 163,400 , इंदौर में 163,400 और चंडीगढ़ में 163,220 रुपये था।

## लौह अयस्क अपशिष्ट को सड़क निर्माण में उपयोग के लिए होगा अनुसंधान

नई दिल्ली, वार्ता

सड़क निर्माण में लौह अयस्क के अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एजेंसी वैज्ञानिक एवं औद्योगिकी अनुसंधान परिषद के तहत परिचालित केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और इस्पात क्षेत्र की अग्रणी कंपनी आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के बीच अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह करार सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम में हरित अवसंरचना विकास के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था और अपशिष्ट से धन रूपांतरण के महत्व को उजगार करते हुए सीएसआईआर की महानिदेशकडा. एन. कलैसेल्वी ने कहा कि सड़क निर्माण में लौह अयस्क अपशिष्ट के संभावित उपयोग से खनन अपशिष्ट से हरित सड़कों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

इस्पात स्लैग जैसी अपशिष्ट सामग्री को इस्पात स्लैग सड़क निर्माण में परिवर्तित करने के लिए संस्थान के अग्रणी कार्य की सराहना करते हुए, सीएसआईआर के महानिदेशक ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में फैले विभिन्न लौह अयस्क शोधन संयंत्रों से देश में प्रतिवर्ष लगभग 180-200 लाख टन लौह अयस्क अपशिष्ट उत्पन्न होता है जिसके जमा होने से पर्यावरणीय और आर्थिक चुनौतियां खड़ी होती हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उद्योग जगत के साथ मिल कर इस अनुसंधान एवं विकास समझौता से लौह अयस्क अपशिष्ट प्रबंधन की बढ़ती चुनौती का समाधान निकलेगा। इस पहल में सीएसआईआर सीआरआरआई के शोधकर्ता प्रयोगशाला जांच, सामग्री लक्षण वर्णन और सड़क डिजाइन का अध्ययन करेंगे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग से की स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नियमों में संशोधन की अपील

**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) में नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दाखिल किया है। परिषद ने मांग की है कि पॉजिटिव बैलेंस होने के बाद बिजली कनेक्शन बहाल करने की समय सीमा वर्तमान दो घंटे से घटाकर अधिकतम 10 मिनट की जाए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### होर्मुज स्ट्रेट...

आवाजाही प्रभावित हुई है। यह अनुमति भारत के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि वर्तमान में इस क्षेत्र से गुजरने वाले अमेरिका, यूरोप और इजरायल के जहाजों को प्रतिबंधों और हमलों के गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ संघर्ष अब 12वें दिन में पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तनाव के कारण क्षेत्र में समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया है और वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। ईरान ने भी इस दौरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। तेहरान का कहना है कि केवल वे जहाज सुरक्षित रूप से गुजर सकते हैं, जो अमेरिका और इजरायल के हितों से जुड़े नहीं हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। सामान्य परिस्थितियों में यहां से प्रतिदिन करीब 1.3 करोड़ बैरल तेल गुजरता है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 31 प्रतिशत है। इस मार्ग में बाधा आने से इराक, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों के निर्यात पर सीधा असर पड़ता है। दुनिया के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का भी बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसलिए यहां तनाव बढ़ने पर वैश्विक बाजार, सप्लाई चेन और ऊर्जा कीमतों पर तुरंत असर देखने को मिलता है। रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक ईरान के पास ऐसे एंटी-शिप मिसाइल, ड्रोन, तेज हमला करने वाली नौकाएं और समुद्री बारूदी सुरंगें हैं, जिनकी मदद से वह पूरे होर्मुज क्षेत्र में जहाजों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि इस समुद्री मार्ग पर बढ़ता तनाव वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। ईरान द्वारा विदेशी जहाजों को निशाना बनाए जाने के बीच केवल भारतीय टैंकरों को सुरक्षित मार्ग मिलना भारत की स्वतंत्र कूटनीति का परिणाम माना जा रहा है। इस कदम से युद्ध और नाकेबंदी के मौजूदा हालात में भी भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृखला के सुचारू रूप से चलते रहने में मदद मिलेगी।

## 2027 के यूपी विस चुनाव में ताकत दिखाएंगे विपक्षी दल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है, सभी पार्टियों ने दलितों को अपने पाले में लाने की कवायद तेज कर दी है। 15 मार्च को काशीराम जयंती पर मायावती लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी ने इसे 'बहुजन समाज दिवस' य' पीडीए दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस भी 13 मार्च को लखनऊ में सोशल ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रही है, इसमें राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।

बहुजन समाज पार्टी ने अपने संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च 2026 को पूरे देश में अपनी राजनीतिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने की तैयारी की है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर बसपा के भव्य प्रदर्शन का यह कार्यक्रम खासतौर पर उन राज्यों में फोकस है, जहां आने वाले एक-डेढ़ साल में विधानसभा चुनाव होने हैं। लखनऊ में कांशीराम स्मारक स्थल पर मुख्य आयोजन होगा, जहां दो लाख से अधिक समर्थकों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ चलो अभियान जोर-शोर से चलाया है। प्रदेश के 12 मंडलों के कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है। बाकी छह मंडलों के लोगों को नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया है।

बसपा सूत्रों के मुताबिक यह आयोजन सिर्फ श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती का संदेश देने वाला होगा। मायावती ने कांशीराम जयंती को बहुजन आंदोलन की विरासत को मजबूत करने का अवसर बनाया है। यूपी के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी ने विभिन्न राज्यों के लिए जिम्मेदारियां बांटी हैं।

■ काशीराम जयंती पर बसपा व सपा का कार्यक्रम 15 को, कांग्रेस का 13 मार्च को

## असम से जारी होगी पीएम किसान निधि की 22वीं किस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। इस किस्त के तहत उत्तर प्रदेश के 2-15 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 4335-11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे।

सरकार के अनुसार योजना के तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवम्बर 2025 को कोयंबटूर से किसानों के खातों में इस योजना की पिछली किस्त जारी की थी। प्रदेश के किसानों को इस योजना के तहत अब तक बड़ी आर्थिक सहायता मिल चुकी है। 21वीं किस्त तक राज्य के किसानों के खातों में कुल 94,668-58 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जारी होने वाली 4335.11 करोड़ रुपये की राशि के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो जाएगा। सरकार का कहना है कि इस योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ ही खेती-किसानी को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।



माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



23वां रोज़ा इफ्तार
13 मार्च शुक्रवार
सुन्नी...................... 06:29
शिया...................... 06:41

24वां रोज़ा सहरी
14 मार्च शनिवार
सुन्नी...................... 05:05
शिया...................... 04:11



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बारात में आए दो युवकों की मौत

## कई लोग गंभीर, मौके पर चीख-पुकार शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल थानाभवन मार्ग पर गुरुवार को एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। बिरालसी और ज्ञानामाजरा के बीच एक अनियंत्रित होंडा सिटी कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक सहारनपुर के ननौता से एक बारात में शामिल होने शामली के हसनपुर लुहारी आए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद सहारनपुर के ननौता निवासी नितिन (25 वर्ष) और बादल (26 वर्ष) थानाभवन शामली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में आई एक बारात में शामिल होने आए थे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान ही वे अपनी होंडा सिटी कार से किसी काम के लिए निकले थे। जैसे ही उनकी कार बिरालसी और ज्ञानामाजरा के बीच पहुंची, कार की रफ्तार तेज होने के कारण वह अनियंत्रित हो गई और सीधे एक पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चरथावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला। पुलिस ने तत्काल दोनों को चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत की खबर जैसे ही उनके घर ननौता और बारात वाले घर हसनपुर लुहारी पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। बारात की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। रोते-बिलखते परिजन चरथावल के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# बागोवाली का मास्टर माइंड निकला मौ. मियां

## अक्टूबर 2025 में पौने चार किलो से अधिक सोना भारत में लाने का भी आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के बागोवाली के मौहम्मद मियां से राजस्व खूफिया निदेशालय द्वारा की गई पूछताछ के बाद बड़ा ही सनसनी खेज खुलाया हुआ है। इससे यह साफ हो रहा है कि जनपद में कुछ ओर लोग भी इस धंधे में जुडे है। पकड़ा गया मोहम्मद मियां सोना तस्करी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड निकला। राजस्व खुफिया निदेशालय ने मौ. मिया को जनपद मेरठ की छावनी में रख कर पूछताछ की जिससे यह सामने आया है कि वह सिंडिकेट का एक बडा मोहरा है। जैसा की सूत्र बता रहे है कि मौहम्मद मिया ने अपने गिरोह के साथ मिलकर 12 अक्टूबर 2025 को 3.941 किला. ग्राम सोना की खैप भारत में उतारी थी, हालांकि इस मामले को स्पष्ट रूप से तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन पुलिस और खूफिया विभाग इस मामले को इसी तरह से बता रही है।

मुंबई की राजस्व खुफिया निद. शालय की टीम ने 12 अक्टूबर 2025 को तस्करी कर लाए गए सोने को मुंबई एयरपोर्ट पर एयर कार्गो काम्पलैक्स सहार मुंबई में पकड़ा था। इस तस्करी में सबसे पहले मुंबई एयरपोर्ट का कर्मचारी अरफात कुरैशी पकड़ा गया था। उससे पूछताछ के साथ गिरोह की कुंडली खुलती चली गई। एयर कार्गो में 3,941 ग्राम सोना था, जिसकी लगभग 4.64 करोड़ रुपये की कीमत थी। टीम ने मोहम्मद आरिफ वजीर अहमद अंसारी, सलीम अब्दुल रहमान शेख, अब्दुल बारी शेख को भी पकड़ा था। आरो. पित मोहम्मद आरिफ अंसारी समेत सभी आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकारा था कि वह सोने की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का हिस्सा है। यह काम मोहम्मद मियां का करीबी राशिद शेख करता था। डीआरआइ की टीम ने अक्टूबर-2025 में ही राशिद शेख को गिरफ्तार किया और गिरोह की कुंडली खुलकर सामने आ गई। उसने बताया कि सिंडिकेट के मास्टरमाइंड (सरगना) के मोहम्मद मिया है, जो मुंबई के हवाई अड्डे के कर्मचारियों से तस्करी का सोना एकत्र करने पर प्रत्येक डिलीवरी पर (सोना प्राप्त करने) के बदले 5 हजार रुपये देता था। इसके आधार पर ही राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) की टीम उसकी तलाश में लगी थी। बुधवार को डीआरआर मुंबई जोन के इंटेलिजेंस आफिसर निखिल सांवत ने बागा. वाली गांव से मास्टरमाइंड मोहम्मद मियां को गिरफ्तार किया है। जिससे मेरठ छावनी के कार्यालय में रखकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने सिंडिकेट चलाना स्वीकार किया है। गिरफ्तारी के बाद टीम उसे मुंबई ले गई है।

# मां के डांटने पर किशोरी ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

**परिजनों ने दुपट्टा काटकर बचाई जान, अस्पताल में भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक किशोरी ने किसी मामूली सी बात पर मात्र अपनी मां की डांट फटकार के चलते अपने घर में पंखे में दुपट्टे से लटककर फांसी लगा ली। यह तो गनीमत रही कि उसकी मां ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। तब दर्जनो ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किशोरी को दुपट्टे को काटकर बचा लिया। गंभीर हालत में किशोरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुढ़ाना पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी थी। बताते हैं कि अगर जरा सी देर और हो जाती तो किशोरी की लाश पंखे से झूलती हुई मिलती। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी के गांव भसाना निवासी लगभग 17 वर्षीया एक किशोरी को बृहस्पतिवार की अल सुबह सहरी करने के दोरान उसकी मां ने किसी बात पर डांट डपट दिया। किशोरी को अपनी मां क डांट इतनी बुरी लगी कि उसने अपने दुपटे का एक सिरा पंखे में बांधकर और उसका दूसरा सिरा अपने गले में डालकर झूल गयी। उसकी दबी आवाज सुनकर अचानक से उसकी मां कमरे में पहुंची तो देखते ही शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर सहरी में जागे लोग मकान के अंदर पहुंचे और उन्होंने दुपट्टे को काटकर किशोरी को उतारा तो उसकी सांसे खूब जोर जोर से चल रही थी। किशोरी को कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई गयी है। पुलिस को भी इस घटना की सूचना दे दी गयी थी।



मुजफ्फरनगर: गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं की लगी लम्बी कतारें।

# फर्जी पत्नी बनकर हड़पा कलेम

## कोर्ट में फर्जी कागजात जमा कर महिला ने दो बच्चों को भी दर्शाया मृतक के पुत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दुर्घटना का मुआवजा लेने के लिए एक दम्पत्ति ने फर्जी दस्तावेज का प्रयोग किया। उक्त दम्पत्ति ने फर्जी कागजों के आधार पर दुर्घटना मे मरे व्यक्ति जो अविवाहित था कि एक महिला को पत्नी दर्शाया और महिला के बच्चों को उसके पुत्र के रूप में दर्शाया गया। एसएसपी से शिकायत के बाद इस मामले को दर्ज कर लिया गया है।

ग्राम कासमपुर खोला के रहने वाले शिशांक शर्मा ने गुरूवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को एक शिकायती पत्र दिया। शिशांक ने बताया कि गांव का ही राजपाल पुत्र स्व. जगबीर सिंह और उसकी पत्नी शोभा ने धोखाधडी कर एक झुठा मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि एक बड़ा मुआयजा लेने के लिए मुकदमा दर्ज कराया गया पीडित ने बताया कि राजपाल का भाई यशपाल सिंह अविवाहित था और आठ दिसंबर 2008 को उसकी ग्राम देवल के पास सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई थी, हालांकि कई रोज तक यशपाल का इलाज चला और उन्नीस दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। राजपाल सिंह ने इस मामले को थाना रामराज में एक बस का नम्बर देते हुए चालक अज्ञात के खिलाफ धारा 279, 337 और 338 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद राजपाल और उसकी पत्नी ने मेरठ के कालियागढ़ी क्षेत्र का फर्जी पता दर्शाते हुए मोटर दुर्घटना दावा किया। वर्ष 2009 में याचिका दायर की गई जिसमें शोभा को मृतक यशपाल की पत्नी अपने दोनो पुत्रों प्रिंस उर्फ शेखर उर्फ सोनू को मृतक के बेटों के रूप में दर्शाया गया इसी आधार पर कोर्ट से मुआवजे की मांग की गई। मेरठ की एक कोर्ट में 2011 में कलेम के रूप में तीन लाख 65 हजार रूपये देने के निर्देश हुए। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त राशि शोभा ने मृतक की पत्नी बनकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्राप्त की। शिकायत में यह भी बताया गया कि ग्राम कासमपुर खोला की पंचायत निर्वाचन नामावली 2015 में शोभा का नाम राजपाल की पत्नी के रूप में दर्ज है। इसके अलावा परिवार रजिस्टर में भी इसी तरह का विवरण अंकित किया गया है और गांव के कम्बोजिट विद्यालय के अभिलेखों में भी दोनो बच्चे के पिता के रूप में राजपाल को ही दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि न तो दोनो बच्चे यशपाल के है औरन ही महिला यशपाल की पत्नी है। यह भी आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर कोर्ट में गलत कागजों का प्रयोग किया गया और गलत तरीके से मुआवजे की राशि प्राप्त की। इस मामले में मीरांपुर एसएचओ का कहना है कि इस मामले को एसएसपी के आदेश पर दर्ज कर लिया गया है और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई।

# ट्रक चालक को मारपीट कर किया घायल

## घात लगाकर बैठे थे हमलावर, हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव जटवाड़ा में घात लगाए बैठे चार व्यक्तियों ने ट्रक चालक पर हमला कर घायल कर दिया।मुख्य आरोपी पीड़ित के ट्रेक्टर ट्रॉली को चलाने की पूर्व मे नोकरी करता था। पीड़ित ने घटना के बाद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव ढ़ासरी निवासी तसव्वुर ने बताया कि उसने अपने ट्रैक्टर पर गन्ना ढुलाई कार्य के लिये गुल सनव्वर निवासी नंगला बुजुर्ग नया गांव थाना भोपा को रखा हुआ था।आरोप है कि गुल सनव्वर ट्रैक्टर से डीजल चोरी करता था, जिस कारण उसे बीते 23 फरवरी को काम से हटा दिया गया। गुल सनव्वर ने उससे 12 हजार रुपये एडवांस के रूप में लिए हुए थे। जिसे उसने अगले दिन लौटाने का वादा किया था।

पीड़ित के अनुसार बीते 24 फरवरी को जब वह टिकौला मिल से ट्रक खाली कर गांव जटवाड़ा के अड्डे पर पहुंचा। तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे गुल सनव्वर व उसके साथियों शाहवेज,परवेज व सूफियान ने उसे घेर लिया व लोहे रॉड सरिया से मारपीट की, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी । शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में पीड़ित के कंधे व हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि गुल सनव्वर व शाह वेज निवासी नंगला बुजुर्ग थाना भोपा व परवेज व सूफियान निवासी गांव जटवाड़ा थाना ककरौली के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है जांच के उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए पुलिस बल को रिजर्व पुलिस लाइन के हाल में उनको ब्रिफ किया गया। और ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा जनपद में चौदह मार्च और पन्द्रह मार्च 2026 को दो पालियों में सम्पन्न होनी है इसी को सकुशल कराने के लिए बारह मार्च को एसएसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को ब्रिफ कर निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट के ऊपर पहुंचने और ड्यूटी में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।



मुजफ्फरनगर: पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस का लोकार्पण करते मंत्री कपिल देव।

# मंत्री कपिल देव ने मुजफ्फरनगर को दिया नए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस का उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज भोपा रोड स्थित ग्राम मखियाली चौकी के निकट भूमि पर निर्मित नए निरीक्षण भवन का जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरुप तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ विधिवत लोकार्पण किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड द्वारा लगभग 211.47 लाख की लागत से निर्मित यह आधुनिक निरीक्षण भवन जनपद में आने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य सरकारी कार्यों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। इससे



प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन में सुगमता आएगी और जनपद के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों, भवनों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है, जिससे आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में सड़कों, भवनों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, प्रदेश सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता, सुशासन और विकास के माध्यम से जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देश दिए कि भवन का नियमित रखरखाव एवं व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि लंबे समय तक इसका लाभ जनता और प्रशासन दोनों को मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, व्यापारी नेता संजय मित्तल, रूपेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष अमित शास्त्री, प्रवीण खेड़ा, नंद किशोर, दीपक मित्तल, सुनील दर्शन, रोहतास पाल, सुखदर्शन सिंह बेदी,सुषमा पुंडीर, रेनू गर्ग, सुधीर खटीक, कपिल त्यागी, अजय सागर, राकेश बिंदल, पंकज अग्रवाल, कुश पुरी, विपुल भटनागर, अमित गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, जितेंद्र कुच्छल, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, परमेश सैनी, राजकुमार सिद्धार्थ, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, राजेश गोयल, रजत धीमान, योगेश मित्तल, राहुल पंवार, प्रशांत चौधरी, सुधीर आर्य, प्रमोद राठी, विशाल खोकर, रविंद्र भंन्दुरा, दीपांकर गौतम, अधिशासी अभियंता अनिल कुमार राणा, मुख्य विकास अधिकारी देशभूषण कमल किशोर कांडारकर, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा : बड़ी संख्या में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थी

## नहीं पकड़ा गया कोई नकलची, मूल्यांकन 18 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाए गुरुवार को शांतिपूर्ण और कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हो गई।

इस बार परीक्षार्थियों में खासा खौफ देखने को मिला यही कारण रहा कि किसी भी विषयों की परीक्षाओं में कोई नकलची नहीं पकड़ा गया हालांकि अनुपस्थित छात्रों की संख्या सबसे अधिक दर्ज की गई। चित्रकला विषय में भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिससे यह साफ दिखाई दिया कि कई छात्र परीक्षा देने से ही दूरी बनाते नजर आए।

अगर हाई स्कूल की बात करें तो विज्ञान विषय की परीक्षा में सबसे अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 25 फरवरी को आयोजित विज्ञान की परीक्षा में हाई स्कूल के 1300 छात्र अनुपस्थित दर्ज किए गए। इसके अलावा

सामाजिक विज्ञान में 1296, हिंदी में में 1282, अंग्रेजी में 1265, चित्रकला में । 1180 और गणित की परीक्षा में 919 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में भी कई विषयों में छात्रों की अनुपस्थिति देखने

को मिली। इंटरमीडिएट में हिंदी विषय की परीक्षा में सर्वाधिक 939 छात्र अनुपस्थित रहे। इसके अलावा अंग्रेजी में 923, रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र में 719, जीव विज्ञान व गणित में 558, तथा भौतिक विज्ञान में 420 परीक्षार्थी परीक्षार्थियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और कई छात्र परीक्षा देने से ही पीछे हट गए। जनपद के 72 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इन बोर्ड परीक्षाओं में प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी और सख्त व्यवस्था की गई थी। यही वजह रही कि पूरी परीक्षा अवधि के दौरान न तो हाई स्कूल और न ही इंटरमीडिएट में एक भी नकल करते हुए छात्र पकड़ा गया। अब बोर्ड परीक्षाओं के अगले चरण के रूप में 18 मार्च से पूरे प्रदेश में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू होगा। बोर्ड की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद अगले महीने तक परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इंटरमीडिएट के चित्रकला विषय में भी 425 छात्र अनुपस्थित दर्ज किए गए।



सनातन धर्म सभा में भागवत कथा शुरू होने से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ० रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ० मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ० मौ० शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ० जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजड़ू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसियों पर लगी लंबी कतारें, नए नियम से बढ़ी परेशानी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में गुरुवार को घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। कई उपभोक्ता सिलेंडर लेने के बाद उसे बाइक पर बांधकर घर ले जाते नजर आए, जबकि एजेंसियों के आसपास खुले स्थानों पर भी बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए जुटे रहे। बताया जा रहा है कि हाल ही में जारी एक नए सर्कुलर के कारण उपभोक्ताओं को दूसरा गैस सिलेंडर अब 25 दिन बाद ही मिल सकेगा। पहले जरूरत पड़ने पर दूसरा सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जाता था, लेकिन नए नियम के लागू होने के बाद लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बड़े और संयुक्त परिवारों पर पड़ रहा है, जहां गैस की खपत अधिक होती है। नए नियम की जानकारी मिलने के बाद उपभोक्ताओं में चिंता भी बढ़ गई है। कई लोग अपने जरूरी काम छोड़कर गैस एजेंसियों के बाहर बुकिंग कराने और सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे दिखाई दिए। हालांकि कुछ उपभोक्ताओं की बुकिंग हो गई, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर बुकिंग के बाद यह संदेश भी आ रहा है कि उन्हें दूसरा सिलेंडर 25 दिनों के बाद ही उपलब्ध कराया जाएगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले घर-घर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियमित रूप से हो जाती थी, लेकिन इन दिनों कई क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सप्लाई प्रभावित है। ऐसे में लोगों को स्वयं एजेंसी या गोदाम पर पहुंचकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है, जिससे भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। घरेलू गैस के साथ-साथ कमर्शियल सिलेंडर की कमी का असर भी बाजार में दिखाई देने लगा है। होटल, ढाबों और छोटे खानपान व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से कामकाज पर असर पड़ रहा है। कई छोटे होटल और ठेला-खोमचा संचालक मजबूरी में घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो कारोबार चलाना मुश्किल हो जाएगा। गैस एजेंसियों और गोदामों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया। पुलिस की निगरानी में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए। एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। फिलहाल सिलेंडर केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है जिन्होंने ऑनलाइन बुकिंग कराई है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक केवाईसी नहीं कराई है या बिना बुकिंग के सिलेंडर लेते रहे हैं, उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द केवाईसी कराने और ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से सिलेंडर लेने की अपील की है।



### खतौली में गैस संकट गहराया: एजेंसियों पर भीड़

**खतौली।** कस्बे में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एलपीजी सिलेंडर की कमी के चलते गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। कई लोग घंटों इंतजार करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने से निराश होकर वापस लौट रहे हैं। गैस संकट का असर गांवों से लेकर कस्बे तक साफ दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि एजेंसियों पर पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस बीच गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। उपभोक्ताओं के अनुसार, बाजार में कुछ लोग रसोई गैस सिलेंडर 1500 से 2000 रुपये तक में ब्लैक में बेच रहे हैं। इससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कई परिवारों के सामने खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है।हालांकि सरकार की ओर से कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन इसके बावजूद महंगे दामों पर सिलेंडर बिकने की शिकायतें जारी हैं।उधर, ईद का त्योहार नजदीक होने के कारण मुस्लिम परिवारों की चिंता और बढ़ गई है। सिलेंडर की कमी के कारण उन्हें त्योहार की तैयारियों में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से गैस आपूर्ति जल्द सामान्य कराने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जौला में हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन

**बुढ़ाना। बृहस्पतिवार** की देर शाम बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में वनध विभाग के कर्मचारी मौहम्मद मुरसलीन राणा के आवास पर रोजा इफ्तार पाटह्र का सफल आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू मुस्लिम लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान यहां पर आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट भी अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं। ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिएं। उन्होंने यहां पर सभी को रोजे की भी मुबारकबाद दी और देश में अमन चौन की दुआ की। उन्होंने यहां पर सांप्रदायिक सोहार्द को मजबूत करने पर भी बल दिया। यहां मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रम पाल कश्यप, आल इंडिया आवाम ए हिंद पाटी के राष्ट्रीय सलाहकार एडवोकेट राव सलीम व गुलरेज राणा एडवोकेट ने भी भाईचारे पर बल दिया और कहा कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम में आज काफी हिंदू मुस्लिम भाई एक छत के नीचे रोजा इफ्तार करते दिखे ये बहुत अच्छा संगम है। इस दौरान यहां मुख्य रुप से मौहम्मद अली जैदी, जिला अध्यक्ष हाफिज करीम. ुद्दीन, सतीश, विजय, रवि, अमर सिंह, आफताब, सुधीर, राकेश, रफीक, अब्दुल, सिराज, शकील सैफी और वन विभाग से हुसैन अहमद उपस्थिति रही।

# दिल्ली के तरूण हत्याकांड को लेकर निकाला कैंडिल मार्च

**बुढ़ाना।** नई दिल्ली के उत्तमनगर में होली के दौरान दो परिवारों के बीच हुई झड़प में 26 वर्षीय तरुण खटीक की हत्या हो गई थी। इस हत्याकांड को लेकर बुढ़ाना कस्बे के खटीक समाज में भारी रोष बना हुआ है।


दोषियों को फांसी की सजा की मांग को लेकर खटीक और हिंदू समाज के युवाओं ने कस्बे में कैंडल मार्च का आयोजन किया। उत्तमनगर में होली के दिन तरुण खटीक की बर्बर झुंड द्वारा हत्या कर दी गई थी। घटना की खटीक समाज ने कडे शब्दों में निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि सात साल की मासूम बच्ची ने अपने ताऊजी पर पानी का गुब्बारा फेंका था। जिसके चंद छींटे वहां से गुजर रही एक मुस्लिम महिला के कपड़ों पर क्या गिरे थे। पहले तरुण के माता-पिता और ताऊ जी को निर्ममता से पीटा गया। फिर तरुण की तलवारों, पत्थरों व लाठियां से सरेआम नृशंस हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार को कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे पर खटीक समाज व हिंदू समाज के लोग एकत्र हुए। दर्जनों की संख्या में समाज के लोगों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर कैंडल मार्च निकाला। चौधरी चरण सिंह तिराहे से आरंभ हुआ कैंडल मार्च महावीर तिराहे पर पहुंचा तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर यशपाल, विनोद, कुलद. ीप, पुनीत, सचिन, विरेंद्र, मनीष व सतपाल आदि सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।




# मेधावी छात्राओं का अलंकरण समारोह हुआ आयोजित

**चरथावल।** महाराजा अग्रसेन कन्या पीवज़ीव कालिज मे राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन समारोह व मेधावी छात्राओं के अलंकरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार प्रगति के पथ पर अग्रसर है इंफ्रा स्ट्रक्चर, शिक्षा अन्य सभी विभागों मे निरंतर कार्य प्रगति पर है हर व्यक्ति का दायित्व है की व देश प्रदेश के विकास मे अपना योगदान दे समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार तायल द्वारा की गयी वही कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया समारोह संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल ने भी कार्यक्रम मे शिरकत की वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे नगर पंचायत चरथावल के चेयरमेन मास्टर इस्लाम व प्रमुख समाजसेवी अभिषेक बंशल रहे, विशिष्ट अतिथि अभिषेक बंशल द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा गया की शिक्षा ही सारी सफलताओं की जड़ है छात्राओं को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए क्योंकि छात्राओं की शिक्षा से दो घरो को शिक्षा मिलती है और छात्राए आज शिक्षा के बल पर बड़े से बड़े पदों पर विराजमान हो रही है छात्राए शिक्षा के क्षेत्र मे छात्रों से किसी भी रूप मे कम नहीं है स वही चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा डिग्री कालिज मे बड़ा सोलर वाटर पम्प व इंटरलाकिंग लगाने का भी आश्वासन दिया और हर सम्भव सहयोग करने की बात कही छात्राओं द्वारा नुककड़ नाटक व देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या डाक्टर अनीता रानी ने किया छात्रा कुमारी सादिया, लायबा,विशाखा, जैनब आदि को सम्मानित किया गया कुमारी निकिता, तनु,सृष्टि, सना, शिवानी आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए कार्यक्रम मे प्रबंधक विनोद सिंहल ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया अनुज गर्ग व्यापार मंडल अध्यक्ष, मनोज कंशल, उमंग गर्ग, नवीन गर्ग, संजय कंशल, कोमल सिंहल, अनिल गर्ग, सुशील सिंहल, जगेश्वर दास सिंहल, अमित सिंहल सहित समस्त स्टॉफ और अनेको नागरिक गण मौजूद रहे ।

## कन्या इंटर कॉलेज में मैडिकल शिविर



**शाहपुर।** कन्या इंटर कॉलेज के संस्थापक एवं समाजसेवी स्व. डॉ. राजपाल गुप्ता की पुण्य स्मृति में 14 मार्च को विद्यालय प्रांगण में मेडिकल कैंप का आयोजन मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर सखी के सौजन्य से आयोजित इस कैंप में विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ शाहपुर क्षेत्र के गंभीर मरीजों को भी लाभ मिलेगा। चिकित्सा सुविधाओं के लिए आवश्यक परीक्षण एवं निशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया जाएगा। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस मेडिकल मोबाइल वैन में कई प्रकार की जांच की जायेगी जिससे मरीजो को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेगी। कैंप में केवल गंभीर मरीज ही प्रात: 10 बजे तक विद्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## लाउडस्पीकर से सामान बेंचने वाले बने परेशानी का सबब

**बुढ़ाना।** गलियों व बाजारों में लाउडस्पीकर से सामान बेचने वालों को रोकने की मांग नागरिकों द्वारा पुलिस प्रशासन से की गयी है। नागरिकों का कहना है कि घर के अंदर का माहौल तो शांत रहता है लेकिन मौहल्लो में फेरी लगाने आने वाले लोगों के कारण ध्वनि प्रदूषण जबरदस्त होता है। पहले सामान बेचने वाले आवाज लगाकर सामान बेचते थे लेकिन अब चौपहिया वाहनों पर प्याज, आलू, व अन्य सामान बेचने वाले लाउडस्पीकर लगाकर सब्जी फल बेच रहे हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र हरि ओम मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने हरि ओम से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। यह अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रामकुमार पुत्र धर्म सिंह**
**निवासी मौहल्ला उत्तरी रामपुरी**
**थाना कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# कुकर्मी, पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल

**छपार।** एक छह वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने वाला वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद कर पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

गांव बढेडी निवासी एक छह वर्षीय बच्चे को गांव का ही सुक्रमपाल बहला फुसलाकर जंगल में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया शोर मचाने की को. शिश की तो उसकी पिटाई की ओर वहीं बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया। उसकी आंख के पास चोट भी लगी है। बच्चा जब शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश की गई तो वह जगंल में अचेत अवस्था में पडा मिला। होश में आने पर उसने आरोपी का नाम बताया। रात्रि में ही पीड़ित की मां विधवा बेबी ग्रामीणों के साथ थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने रात्रि में ही आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी की रात्रि में तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली की आरोपी रेई गांव के कच्चे रास्ते से जा रहा है पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे घेर लिया तो उसने पुलिस पर तमंचे से फायर किया बचाव में पुलिस ने भी फायर किया तो आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भतह्र कराया पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का समापन

**मुज़फ्फरनगर।**स्वामी कल्याण देव बघरा डिग्री कॉलेज में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शि. विर के समापन अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) टीम ने छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी, साइबर अपराध, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा तथा कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को समाज में बढ़ती चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर एएचटी थाने से सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी केवल किसी व्यद्रि को जबरन ले जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लालच देकर, झूठे वादों के माध्यम से या दबाव बनाकर लोगों को गलत कार्यों में धकेलने जैसी घटनाएं भी शामिल होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस अथवा संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल अमरजीत सिंह ने बताया कि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा मानव तस्करी और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और समाज के जागरूक नागरिकों का सहयोग इसमें अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉक्टर बृज गोपाल शर्मा ने की और उन्होंने सभी आगुन्तको का धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए आशा जताई कि भविष्य में भी छात्र-छात्राओं को ऐसी जानकारी प्राप्त होती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित विधिक सेवा प्राधिकरण पी.एल.वी.के गौरव मलिक ने भी विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक को कानून द्वारा कई प्रकार के अधिकार प्राप्त हैं और यदि कोई व्यद्रि किसी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या अन्याय का शिकार होता है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।




उन्होंने छात्रों को कानून के प्रति जागरूक रहने और समाज में न्याय तथा समानता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. फरहाना राणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, एएचटी टीम के सदस्यों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधियों का धन्यवाद एवं आभार व्यद्र किया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण पी.एल.वी से धनीराम एवं एएचटीयू से हैड कॉस्टेबल रूबी आदि भी मौजूद रहे। जिसमें विपिन कुमार, रश्मि तायल, दुष्यंत मलिक,रोजी शर्मा,वंदना,धीरज,साल. ीना, डॉक्टर विनित कुमार सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। एएचटी टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति और उनके अनुभवों ने भी कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विषयों पर जानक. ारी प्राप्त कर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर ऐसे जागरूकता अभियानों को आगे भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि समाज को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त बनाया जा सके।

**विज्ञापन सामग्री**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : 47/EUDC MZN/2025-26

कार्य का नाम: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-तकनीकी, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 के सापेक्ष में क्षमतावृद्धि करना एवं 33 केवी लाईन सम्बन्धी कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 1180 धरोहर राशि : रू0 3500

ई-निविदा की अंतिम तिथि- 27 मार्च 2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्षित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल**
**मुजफ्फरनगर**

# आदिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक पर जैन मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** कस्बे के जैन मंडी स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को भगवान आदिनाथ के जन्म तप कल्याणक महोत्सव को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा परिसर धार्मिक वातावरण से सराबोर हो गया।

महोत्सव की शुरुआत भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन-विधान से हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित अशोक जैन शास्त्री ने सभी मांग. लिक क्रियाएं संपन्न कराईं और उपस्थित श्रद्धालुओं को कल्याणक के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि चौत्र कृष्ण नवमी का दिन जैन समाज के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसी दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ;षभदेव द्धआदिनाथ॰ का जन्म अयोध्या में महाराजा नाभिराय और माता मरुदेवी के यहां हुआ था। उनके जन्म के बाद सौधर्म इंद्र द्वारा सुमेरु पर्वत पर उनका अभिषेक किया गया था।



उन्होंने कहा कि जैन धर्म में 24 तीर्थंकरों की परंपरा है, जिसमें प्रथम स्थान भगवान ऋषभदेव का है, जबकि अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी हैं। यह परंपरा जैन दर्शन की प्राचीनता और निरंतरता का प्रतीक मानी जाती है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्री पारस भक्ति मंडल के तत्वावधान में भक्तामर जी महामंडल विधान भी संपन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर अध्यक्ष सुनील जैन (टिकरी वाले), महामंत्री अरुण जैन, सुशील जैन, प्रदीप जैन, आदिश जैन, संजीव जैन, के.के. जैन, डॉ. ज्योति जैन, सरिता जैन, पारुल जैन, दीपा जैन, नीलम जैन, रजनी जैन, रिया जैन और स्वाति जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

## बालिग होने से पूर्व ही शादी करने का प्रयास

**बुढ़ाना।** जागरूक नागरिकों की घशिकायत पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने दुल्हन की आयु के कागजात देखे तथा दुल्हन के नाबालिग होने के कारण शादी को बीती बुधवार के दिन रूकवा दिया था। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम बुढ़ाना पुलिस के साथ किशोरी को अपने साथ ले गई थी। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर किशोरी को वन स्टॉप सेंटर सखी सेंटर भेज दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष लाया गया। चाइल्ड लाइन मुजफ्फरनगर के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सचिन ने बताया कि बाल कल्याण समिति ने किशोरी के माता पिता व किशोरी से वार्ता की। वार्ता के बाद किशोरी के माता पिता से शपथ पत्र लिया गया। शपथ पत्र में किशोरी के माता पिता ने लिखा है कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही बेटी की शादी करेंगे। नाबालिग की शादी करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बाल कल्याण समिति ने शपथ पत्र लेने के बाद किशोरी को माता पिता की सुपुर्दगी में दे दिया। वह उनके साथ अपने घर चली गई। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ईद और अलविदा जुमा को लेकर शांति समिति की बैठक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी ईद और अलविदा जुम्मा के मद्देनजर गुरुवार को इस्लामनगर कॉलोनी स्थित मदरसा इनामुल उलूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिक. ारी रामआशीष यादव ने की। बैठक का उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा। इस दौरान कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद और अलविदा जुम्मा का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहने और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



सीओ रामआशीष यादव ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नमाज मस्जिदों के अंदर ही अदा की जाए और कोई भी व्यक्ति मस्जिद के बाहर सड़क या जीटी रोड पर नमाज न पढ़े। साथ ही नमाज के बाद सभी लोग शांतिपूर्वक अपने घरों को लौटें और किसी भी प्रकार की नारेबाजी से बचें।

बैठक में मौलाना मुददस्सिर, मुफ़ती उस्मान क़ारी, शमीम भाई, जमील, सभासद डॉ. हारून, भाई कामिल, ज़मीरुद्दीन, अकील, हबीब, डॉ. आरिफ, दिलशाद भाई, हाजी नफीस, हाजी बोबी, क़ारी वासिफ, क़ारी उस्मान उपस्थित रहे।

**Notice**

I, Shahnaz Begum W/o Mohd Sajid R/o 212 Khubbipura Krishnapuri Muzaffarnagar Have Changed My Name to Shainaz Begum for all purposes.

**वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन** न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)/ एफ.टी.सी. प्रथम मुजफ्फरनगर वाद सं0 -143 सन-2024 **श्रीमति नाजरीन उर्फ समरीन** पत्नी शोएब पुत्री शकील निवासी म.नं0-2672, किदवईनगर खालापार, थाना- खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रार्थीया / वादिया** बनाम 1. शोएब 2. उजैर 3. उवेश पुत्रगण कासिम 4. फात्मा 5. सालेहा पुत्री कासिम 6. रिजवाना पत्नी कासिम 7. कासिम पुत्र नामालूम निवासीगण सऊदीपुर रोड़, बिहारियो वाला मदरसा, थाना- खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। ...... **विपक्षीगण** अन्तर्गत **धारा-12 घरेलू हिसां अधिनियम** थाना- खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादिया ने आपके विरूद्ध वास्ते वसूली मतालबा न्यायालय में योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 25 माह 03 सन-2026 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में समन या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है, वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है। इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्ष्यो को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात नही होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 12 माह 03, सन-2026 न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया। **आज्ञा से सिविल जज( जू०डि० )/एफ.टी.सी.प्रथम मुजफ्फरनगर**

# जौली में हजरत अली की शहादत पर हुआ मजलिसों का आयोजन

**भोपा।** रमजान माह की 21 वी तिथि को गांव जौली में हजरत अली की शहादत के सिलसिले में पारम्परिक जुलूस निकाला गया तथा मजलिसों का आयोजन किया गया।जिसमे हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर प्रकाश डाला गया व ईरान युद्ध में शहीद हुए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जौली गांव स्थित छोटी मस्जिद में एक मजलिस मुनाकिद हुई जिसमे मर्सिया ख्वानी रोशन अली व अब्बास अली काजमी ने की तथा मौलाना जहूर मेंहदी साहब ने तकरीर की दूसरी मजलिस कामरान हसनैन एडवोकेट के आवास पर हुई जिसमे मर्सिया ख्वानी अली रजा व शाहवर ने की मजलिस को मौलाना मुजफफर अली ने सम्बोधित किया जबकि तीसरी मजलिस जुमा मस्जिद में मुनाकिद हुई जिसको संबोधित मौलाना अरशद काजमी ने किया मजलिस के उपरांत जुलूस ए ताबूत निकाला गया नोहा ख्वानी फरमान अली, और गुलज़ार अली ने की

वहीं जुलूस बाजार से होता हुआ मेंहदी रज़ा के यहां इमामबाड़े में समाप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने शिरकत की जिसमे मुख्य रूप से टीपू, सलमान, असरम, मज़ाहिर अब्बास, एडवोकेट कंबर अली, मेंहदी,शाहरजा नकवी, एडवोकेट कामरान हसनैन, आफताब हैदर, अली, तकी बादशाह, मेंहदी, अहमद, जमाल, हसन मेंहदी, ज़ैगम हुसैन, आशूर अब्बास, शबाब आलम आदि मौजूद रहे।

# ईद व अलविदा जुमे को लेकर थाने में बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** आगामी ईद और अलविदा जुमे को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को थाने में पुलिस प्रशासन व क्षेत्र के मौलानाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नमाज केवल मस्जिदों व निर्धारित स्थानों पर ही अदा करने तथा सड़कों पर नमाज न पढ़ने की अपील की गई।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक जशवीर सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। नमाज के समय यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। बैठक में मौलानाओं ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि लोगों को मस्जिदों और तय स्थानों पर ही नमाज अदा करने के लिए जागरूक किया जाएगा। बैठक में एसएसआई कर्मवीर सिंह, उप निरीक्षक गोपाल सिंह व क्षेत्र के किशनपुर के मौलाना खुशनसीब, युसफपुर के मौलाना जाकिर अली, ककराला के मौहम्मद सुलेमान, मौहम्मद फैसल, जौली के अली मेहंदी, गुफरान आदि अनेक मौलाना मौजूद रहे।



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारे भाई महताब उर्फ मोरिस ने अपने हिस्से में आई सम्पत्ति वर्ष 2018 में विक्रय कर दी है। वर्ष 2018 के बाद से हमारा अपने भाई महताब उर्फ मोरिस व उसके परिवार से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही है। महताब उर्फ मोरिस व उसका परिवार कहा पर निवास कर रहा है। हमे इसकी भी जानकारी नही है। महताब उर्फ मोरिस व उसके परिवार के द्वारा किये किसी भी कृत्य, वाद-विवाद, लेन-देन आदि के लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे। महताब उर्फ मोरिस व उसका परिवार स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ.आसिफ सिद्दीकी व मौहम्मद इशान सिद्दीकी पुत्रगण स्व.रईस अहमद निवासी 519 लद्दावाला**
**थाना कोतवाली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# जिले में डीजल,पैट्रोल और गैस की नहीं है कोई कमी: डीएम

**मुजफ्फरनगर।** जिला पूर्ति अधिकारी श्री ओम हरि उपाध्याय ने बताया है कि जनपद में एलपीजी व पैट्रोलियम पदार्थों यथा पैट्रोल, डीजल आदि की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी एवं विक्रय अधिकारी (गैस), क्षेत्र मुजफ्फरनगर से समीक्षा की गयी।

समीक्षा उपरान्त जनसामान्य हेतु निम्नवत सूचना/ जानकारी प्रसारित की जा रही है,

जनमानस को आश्वस्त किया जाता है कि जनपद में एलपीजी व पैट्रोल, डीजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं है। जनसामान्य से अपील की जाती है कि वह पैनिक न हो तथा संयम बनाये रखे व सहयोग करते रहें। एलपीजी के पारदर्शी वितरण हेतु ओटीपी के माध्यम से रीफिल डिलीवरी की व्यवस्था की गयी है।

विक्रय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि बुकिंग आदि हेतु एक साथ कई कनेक्शनधारकों के प्रयास करने पर सर्वर में कभी-कभी समस्या आ जाती है, जिसके शीघ्र ही कम / न्यून होने हेतु विक्रय अधिकारी द्वारा आशान्वित किया गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नियमानुसार गैस सिलेण्डर का वितरण हो तथा कानून व्यवस्था की स्थिति न हो। अवगत कराना है कि गैस एजेन्सियों से किसी भी प्रकार की कालाबाजारी / अवैध बिक्री को रोकने हेतु नगर मजिस्ट्रेट एवं आपूर्ति विभाग तथा बाट-माप विभाग एवं अक्क्यल कम्पनी के अधिकारियों व पुलिस विभाग की टीम गठित कर जांच / छापेमारी की कार्यवाही करायी जा रही है। ताकि ग्राहकों को नियमानुसार गैस सिलेण्डर उपलब्ध हो सके।जनपद में गैस वितरण से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालय एवं जनपद स्तर पर जिला पूर्ति कार्यालय मुजफ्फरनगर से सम्पर्क किया जा सकता है।उन्होंने पुनः जनमानस को आश्वस्त किया है कि जनपद में एलपीजी व पैट्रोल, डीजल की पर्याप्त उपलब्धता / स्टॉक है।

## मीरापुर में शीतला माता मंदिर के बाहर से बाइक चोरी

**मीरापुर।** शीतला माता मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। ककरौली थाना क्षेत्र के निवासी सलमान पुत्र सरीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे मीरापुर स्थित शीतला माता मंदिर दर्शन करने आया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक मंदिर के बाहर सड़क किनारे खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर बाइक बरामद करने की मांग की है।

# फिल्म एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी पहुंचे बुढ़ाना

(नसीम कुरैशी/महक कुरैशी)

**बुढ़ाना।** मशहूर फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी बृहस्पतिवार के दिन अपने मंझले भाई फिल्म प्रोडयूसर फैजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा में स्थित अपने पैतृक आवास पर पहुंचे। जहां पर पहले वे अपनी अम्मी हज्जन मेहरुनिशां से मिले।

उसके बाद अपने सगे भाईयों एडवोकेट अलमासुद्दीन सिद्दीकी व माजुद्दीन सिद्दीकी से मिले। उसके बाद वे अपनी कार से सीधे बुढ़ाना तहसील में प्रशांत शर्मा एडवोकेट के चौम्बर में पहुंचे। जहां पर एडवोकेट प्रशांत शर्मा और संदीप बालियान से उन्होंने कुछ कृषि भूमि की खरीद संबंधी कागजात पर अपने हस्ताक्षर किए। इसके बाद सब कागजों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद वे सीधे रजिस्ट्रार के आफिस में जहां पर उन्होंने सब रजिस्ट्रार पंकज जैन के समक्ष बैठकर बैनामे की सारी प्रक्रिया पूरी कर काफी कागजों पर हस्ताक्षर किए। उनके अधिवक्ता प्रशांत शर्मा व अधिवक्ता संदीप बालियान ने बतलाया कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक कृषि भूमि का बैनामा अपने नाम कराया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के आने की खबर तहसील परिसर में आग की तरह फ़ैल गयी तो उनके हजारों प्रशंसक तहसील में जमा हो गये। हर कोई नवा. जुद्दीन सिद्दीकी से बात करने व सेल्फी लेने को आतुर दिखा। अपने चहेतों का प्यार देख फिर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने उनके साथ फोटो खिंचवाए। इसके बाद वे कार से निकल गये। यहां फिरोज कुरैशी, शाहिद असलम व सूफियान कुरैशी आदि मौजूद रहे।



## खाप चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप की हत्या की साज़िश

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डॉ. सोनू कश्यप की हत्या की साजिश की एक ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने के बाद उनके द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी समीर व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार कश्यप समाज के खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप की हत्या की साजिश का एक ओडियो जो कि एक मिनट 42 सेकेंड की है वह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो के आधार पर पुलिस ने खाप चौधरी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को दी गई तहरीर में खाप चौधरी ने बताया कि नाबालिग के साथ छेडखानी के एक मामले में पुलिस ने समीर को जेल भेज दिया था। उसी मुकदमे की रंजिश के कारण समीर किसी अज्ञात को उनकी हत्या की सुपारी देकर उनकी हत्या करने की साजिश रच रहा था। जिसके संबंध में खाप चौधरी ने बीती बुधवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी थी।

# मीरापुर थाने में नवनिर्मित सुविधाओं का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**मीरापुर।** थाना परिसर मीरापुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल तथा क्षेत्राधिकारी जानसठ रूपाली राव ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर थाने में बनाए गए कम्प्यूटर लैब, रसोई, भोजनालय कक्ष, वात्सल्य रूम, ई-मालखाना और आरक्षियों के लिए आदर्श बैरक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने थाने के विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मीरापुर थाने के कायाकल्प और आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा लगभग 12 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि इन नई व्यवस्थाओं से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और जनता को भी पुलिस सेवाएं अधिक सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया। उन्हें संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने आप को कभी भी उपेक्षित या हताश न समझें। वे पूरी ऊर्जा और अनुभव के साथ अधिकारियों के संपर्क में रहें और यदि कोई समस्या हो तो उसे अवश्य साझा करें, ताकि उसका समाधान कराया जा सके।

इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी शिव कुमार शर्मा ने अपने मकान पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत अधिकारियों के सामने रखी, जबकि रविदत्त शर्मा ने पेंशन न मिलने की समस्या बताई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा चौकीदारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चौकीदार पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे अपने-अपने गांव में सतर्क रहकर किसी भी घटना या संदिग्ध गति. विधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जो चौकीदार अच्छा कार्य करेगा, उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

मिशन शक्त के तहत महिला पुलिसकर्मियों को भी निर्देश दिए गए कि वे महिलाओं को समय-समय पर कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दें। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक ने चौकीदारों और मीरापुर थाने के प्रधान लिपिक राहुल कृष्णात्रेय को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजीव शर्मा सहित अन्य थानों की पुलिस भी मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के थाने पहुंचने पर मीरापुर पुलिस द्वारा गार्ड आफ आनर देकर की गई।

# नगर पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई महिलाएं सम्मानित



**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना में अध्यक्षा श्रीमती उमा त्यागी और अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक विभिन्न जन जागरूकता और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत महिला सफाई मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महिला सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए और उन्हें अपने कार्य में सुरक्षा और सावधानी के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा उमा त्यागी ने कहा कि महिला सफाई मित्रों का योगदान नगर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला सफाई मित्रों से आह्वान किया कि वे अपने कार्य में पूरी तरह से समर्पित रहें और अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि नगर पंचायत बुढ़ाना महिला सशद्गिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम महिला सफाई मित्रों को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यहां लिपिक सतीश पंवार, सुमित शर्मा, सुधीर कुमार, सचिन कोरी, दिनेश त्यागी और शाह आलम आदि मोजूद रहे।



मुजफ्फरनगर:एसडी मैनेजमेंट में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# वित्तीय जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**खतौली।** श्री कुंद-कुंद जैन (पीजी) कॉलेज के वाणिज्य विभाग में गुरुवार से नई शिक्षा नीति के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय जागरूकता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नेशनल इंस्टीटड्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट और कोटक सिक्योरिटीज के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हो रहा है।

कार्यशाला में सेबी की रिसोर्स पर्सन एवं सिक्योरिटीज मार्केट ट्रेनर डॉ. अर्चना शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बचत और निवेश के विभिन्न साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सेविंग अकाउंट, आवतह्ण जमा द्धआरडीऋ, फिक्स्ड डिपॉजिट, अटल पेंशन योजना, म्यूचुअल फंड, एसआईपी, इक्विटी, प्राइमरी मार्केट और सेकेंडरी मार्केट की कार्यप्रणाली को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी के साथ किया गया निवेश भविष्य को सुरक्षित बना सकता है। साथ ही महंगाई का धन पर पड़ने वाला प्रभाव, अनावश्यक और आवेगपूर्ण खरीदारी से बचने तथा निवेश करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी प्रतिभागियों को जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. नीतू वशिष्ठ ने कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि धन का सही प्रबंधन और योजनाबद्ध निवेश किया जाए तो आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य तैयार किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कार्यशाला का पूरा लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. शिवानी चौधरी, डॉ. ऋचा अग्रवाल, डॉ. अंजू धीमान, डॉ. पूजा सिंह पुंडीर, डॉ.श्वेता मलिक, सीमा तोमर तथा मोहित जैन सहित महाविद्यालय के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## संभलहेड़ा के जंगल में नलकूपों पर चोरों का धावा

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम संभलहेड़ा में बुधवार की देर रात चोरों ने किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। अज्ञात चोरों ने गांव के जंगल में लगे करीब आधा दर्जन नलकूपों पर धावा बोलकर उनमें लगे स्टार्टर, मोटर के पाट्र्स और केवल आदि सामान चोरी कर लिए। घटना से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। ग्राम संभलहेड़ा के जंगल में मोमीन पुत्र मोहम्मद अली, आस मोहम्मद पुत्र अल्लारखा, सतीश कुमार पुत्र जगत सिंह, मुस्लिम पुत्र उमर अली समेत अन्य किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए नलकूप लगे हुए हैं। गुरुवार की देर रात अज्ञात चोर खेतों में पहुंचे और एक-एक कर कई नलकूपों को निशाना बनाते हुए उनमें लगे कीमती उपकरण चोरी कर ले गए।

## सड़क दुर्घटना में मृतक व घायल के परिजनो ने कराया मुकदमा दर्ज

**मीरापुर।** क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक व घायल के परिजनो ने थाना मीरापुर में बीती रात अज्ञात कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

ग्राम चितवाना शेरपुर, थाना किला परिक्षितगढ़ (मेरठ) निवासी पिंटू पुत्र सत्यवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई विकल कुमार और गौरव कुमार पुत्रगण सत्यवीर होली की छुटियों पर देहरादून से अपने गांव मोटरसाइकिल से लौट रहे थे।

आरोप है कि 2 मार्च 2026 की रात करीब 12 बजे जब दोनों भाई ग्राम किथौड़ा पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर पहले पहुंचे, तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की आल्टो कार संख्या के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान गौरव कुमार की मौत हो गई, जबकि विकल कुमार को मेरठ रेफर किया गया, जहां उसका एक पैर घुटने से ऊपर काटना पड़ा। परिजनों ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# एसडी मैनजमेंट में कम्प्यूटर साइंस के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** एस. डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बी. एससी. (कंप्यूटर साइंस) तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के बीबीए, बीसीए कॉन्फ्रेंस हॉल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहना देना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल तथा बीसीए/ बी.एससी. द्धकंप्यूटर साइंसऋ विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायलने द्वारा किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने संबा. धन में कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और जीवन में सही दिशा प्रदान करने का माध्यम भी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और निरंतर मेहनत करते रहें तो जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर बीसीए एवं बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायलने ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय तकनीकी और डिजिटल युग का है, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। घोषित परिणाम के अनुसार बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) तृतीय सेमेस्टर में तमन्ना सिंह ने 86.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा ने 86.43 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि श्रेय पाल ने 85.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तमन्ना सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर परिश्रम को दिया। उन्होंने बताया कि भविष्य में वह कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक सफल आईटी प्रोफेशनल बनना चाहती हैं। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रज्ञा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर मेहनत और धैर्य की आवश्यकता होती है। उन्होंने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को अपनी सफलता का मुख्य आधार बताया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रेया पाल ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुं. चने में मदद की। इस वर्ष बी.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस) तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कुल मिलाकर लगभग 70 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की, जो विभाग के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि कॉलेज में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है और शिक्षक विद्यार्थियों को निरंतर बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रमुख शिक्षकों और कर्मचारियों में चन्दना दीक्षित, हिमांशु शर्मा, रजत शर्मा, हर्षित गोयल, हर्षिता, निरंकार शर्मा, देवेश भारद्वाज, नवनीत चौहान, अंकुर अग्रवाल, अनुज गोयल, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, शेखर, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज, लवी वर्मा एवं पवन बालियान सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर जानलेवा हमला

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। गांव पुरबालियान निवासी शाहबुद्दीन पुत्र शाहनवाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है।उसने बताया कि उसने गांव के ही तराबुद्दीन के यहां मजदूरी की थी,जिसकी करीब 30 हजार रुपये मजदूरी बाकी थी।जब उसने अपने पैसे मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर तराबुद्दीन ने अपने दो बेटों नुहसन और राशिद तथा भतीजे आस मोहम्मद के साथ मिलकर उसे मारने की नीयत से हमला कर दिया।इस दौरान आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला किया।हमले में शाहबुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी नाक की हढी भी टूट गई।घायल को पहले सीएचसी खतौली ले जाया गया,जहां से हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया।पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।इस मामले में मारपीट की विडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई है।

# छपार पुलिस चौकी का एसएसपी ने किया लोकार्पण

**छपार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी कस्बा छपार का फीता काटकर व विधि-विधान के साथ उद्घाटन किया।

नवनिर्मित पुलिस चौकी कस्बा छपार का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर व विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ, सीओ सदर डॉक्टर रवि शंकर मिश्रा व छपार थाना प्रभारी मोहित सहरावत भी उपस्थित रहे।

पुलिस चौकी भवन का निरीक्षण किया गया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



उन्होंने कहा कि नई पुलिस चौकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था और अधिक सुखढ़ होगी तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। नवनिर्मित पुलिस चौकी के संचालन से क्षेत्र के निवासियों को पुलिस सहायता शीघ्र प्राप्त होगी तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

# फाइनल में पहुंची सिल्वरटन टाइगर्स टीम

**मुजफफरनगर।** प्रीमियर लीग-2 के पहले सेमीफाइनल में सिल्वरटन टाइगर्स ने प्रभावशाली खेल दिखाते हुए सिल्वरटन पैंथर्स को सात विकेट से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली। मुजफफरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मुजफफरनगर प्रीमियर लीग-2 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला गया।



रोमांचक मुकाबले में सिल्वरटन टाइगर्स ने सिल्वरटन पैंथर्स को सात विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिल्वरटन पैंथर्स की टीम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी और निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 110 रन ही बना पाई। टीम की ओर से शुभ पंवार ने 27 रन बनाकर सर्वाधिक योगदान दिया, जबकि इसरार खान ने 21 और विशांक चौधरी ने 17 रन जोड़े। सिल्वरटन टाइगर्स की ओर से गेंदबाजी में परवीन कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके। दिग्विजय सिंह और यश गर्ग ने भी प्रभावी गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट हासिल कर पैंथर्स की बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।111 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वरटन टाइगर्स की शुरुआत संतु. लित रही।

टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 13.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। रितुराज शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 43 रन बनाए, जबकि शिवम चौधरी ने 45 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जीत की नींव मजबूत की। मैच में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए रितुराज शर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उद्योगपति राजेश जैन, राजीव जैन, संजीव जैन और ऋषभ जैन ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया और दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की।

# मंत्री कपिल देव ने कार्यकर्ताओं से मांगे क्षेत्रीय विकास कार्यों के सुझाव

## पांच करोड़ से विकास कार्य कराएंगे

**मुजफफरनगर।** शहरी विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक नई पहल करते हुए मंत्री कपिल देव ने 5 करोड़ रुपये तक के विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और जनहित की परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने मुजफफरनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नए सिरे से विकास प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं बृहस्पतिवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासपरक नीतियों के अंतर्गत मुजफफरनगर क्षेत्र में विभिन्न जनहित योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 5 करोड़ रुपये तक के विकास प्रस्ताव भेजे जा सकते हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से लागू करने में मदद मिलेगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य गांवों और शहरों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है, ताकि आम लोगों को बेहतर सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार लगातार प्रदेश के हर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# पूर्व प्रमुख ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

## बदलते मौसम में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया सचेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव गढमलपुर सागड़ी में बृहस्पतिवार के दिन एक स्थान पर एक निशुल्क सरकारी चिकित्सा विशालघ शिविर का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया। यहां पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का लाभ गरीब और मजदूरों व अन्यों को अवश्य लेना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में ज्यादातर स्वास्थ्य संबंधी जांचें काफी महंगी हैं जो कि इस प्रकार के निशुल्क शिविर में निशुल्क ही की जाती है।

यहां पर शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड की जांच, हृदय रोग, मलेरिया, डेंगू, खांसी, पेट के लोग, बुखार, खुजली, गुर्दे की बीमारी, बवासीर, सिर दर्द, पेचिस, जलन, चक्कर आना, कब्ज, दमा, कील मुहांसे, फोड़े फुंसी और फेफडों की बीमारी सहित अन्य कई बीमारियों के भी सैंकड़ों मरीज आए। जिनका अनुभवी चिकित्सकों ने चेकअप कर दवाइयां भी दी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से जितेंद्र प्रधान, प्रदीप प्रधान कुरावा, संजीव पाल डायरेक्टर, ओमवीर सिंह, काल. राम और अमित मलिक आदि ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस विशाल शिविर में सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बैठक में हुआ मंथन

## आश्वासन समिति के सभापति एवं सदस्यों ने जिला अस्पताल एवं निकिता ग्रीनटेक रीसाइक्लिंग लिमिटेड शामली का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सभापति राजपाल सिंह बालियान की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य राम खिलाड़ी सिंह, मौ फहीम इरफान, प्रभारी जिलाधिक.ारी/एडीएम सत्येन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति ने जनपद में विभिन्न विभागों परिवहन, चीनी एवं गन्ना उद्योग, वन व पर्यावरण, सिंचाई एवं जल संसाधन, कारागार, खेलकूद, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, राजस्व, माध्यमिक शिक्षा, कारागार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रह विभागों के लम्बित आश्वासन पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।





बैठक में आश्वासन समिति के सभापति एवं सदस्यो ने जनप्रति.निधियों द्वारा विधानसभा में उठाए गए तारांकित/अतारांकित प्रश्नों, नियम 51 के तहत प्रकरणों के आश्वासन के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में विभागों की समीक्षा करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मान्यता की जांच कराने निर्देश दिए। गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा करते हुए जिला गन्ना अधिकारी को चीनी मिलों द्वारा किसानों का शत प्रतिशत भुगतान के निर्देश दिए विशेष रूप से थानाभवन पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक को एकल विद्यालय में नियमानुसार शिक्षकों की तैनाती के संबंध में निर्देशित किया गया। सीओ चकबंदी को कुडाना गांव में चकबंदी की कार्रवाई में जो स्टे है उसमें उचित पैरवी के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद में बस अड्डा का निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिसमें संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि की उपलब्धता न होने की जानकारी दी गई। जनपद में विगत 02 वर्षो में हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल/मृतक व्यक्तियों के परिवारों को एमवी एक्ट के अन्तर्गत मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में एआरटीओ ने अवगत कराया की मुआवजा दिला दिया गया है। जनपद शामली में कारागार निर्माण के संबंध में भूमि चयन की कार्रवाई कर ली गई है के बारे में अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद में अपराधों पर की गई कार्रवाई के संबंध अवगत कराया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सभापति राजपाल सिंह बालियान ने कहा कि कार्य को केवल पत्राचार के माध्यम से औपचारिकता नही करने बल्कि व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने को कहा। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के सभापति ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिन योजनाओं को लागू कर रहे हैं उन योजनाओं को क्रियान्वित करने में विभागों का बहुत बड़ा योगदान है। सभापति द्वारा आशा की गई की सरकार की जितनी भी जन कल्याणकारी योजना है उनका हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिया जाए। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने समिति को आश्वस्त किया कि दिये गये निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जायेगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति,जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आश्वासन समिति के सभापति राजपाल सिंह बालियान एवं सदस्यो ने जिला अस्पताल एवं निकिता ग्रीनटेक रीसाइक्लिंग लिमिटेड शामली का भी निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आश्वासन समिति के सभापति एवं सदस्यो जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए वहां पर व्यवस्थाओं को देखा और दिशा निर्देश दिए। निर्देशित किया गया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो सुविधा का प्रॉपर लाभ दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएनसी वार्ड ओर पुरुष वार्ड का निरीक्षण करते हुए मरीज से बात की और सुविधाओं के बारे में जानक.ारी ली गई जिसमें अस्पताल में भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि उनको चिकित्सा सुविधा समय से प्राप्त हो रही है। आश्वासन समिति के सभापति एवं सदस्यो ने संबंधित अधिकारियों के साथ निकिता ग्रीनटेक रीसाइक्लिंग लिमिटेड शामली का निरीक्षण करते हुए वहां पर ट्रीटमेंट प्लांट, पेपर मशीन और पावर प्लांट का निरीक्षण कर संबंधित से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। यहां निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारियों सहित कमेटी ऑफिसर, समीक्षा अधिकारी प्रतिवेदक आदि आईआईए के अध्यक्ष विशाल, आशीष जैन, अशोक बंसल, आयुष बंसल, अभिनव बंसल, अभिषेक त्यागी आदि मौजूद रहे।

## बैंक धोखाधड़ी:प्रबंधक समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद/थानाभवन।** जलालाबाद के निकटवर्ती गांव दखोड़ी जमालपुर निवासी रामकुमार ने बैंक लोन के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर थानाभवन पुलिस ने बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक, एक एजेंट और रिकवरी एजेंट के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामकुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में उन्हें पैसों की जरूरत थी, जिसके लिए वह जलालाबाद स्थित पंजाब नेशनल बैंक गए थे। बैंक में लोन प्रक्रिया की जानकारी लेने के बाद जब वह बाहर निकल रहे थे, तभी बैंक में मौजूद राजीव नामक व्यक्ति, जो गांव उमरपुर का निवासी है, उनके पास आया। उसने खुद को बैंक मैनेजर का नजदीकी बताया और रामकुमार के सभी आवश्यक कागजात अपने पास ले लिए। रामकुमार का आरोप है कि अगले छह महीने तक वह लोन के लिए बैंक के चक्कर काटते रहे, लेकिन उनका लोन स्वीकृत नहीं हुआ। करीब छह महीने बाद राजीव उनके घर पहुंचा और कहा कि लोन पास हो गया है। इसके बाद उसने रामकुमार को नकद 4 लाख 50 हजार रुपये दिए और लोन की मासिक किस्त जमा करने को कहा। रामकुमार ने सवाल किया कि यदि बैंक से लोन हुआ है तो पैसा सीधे उनके खाते में क्यों नहीं आया, और नकद क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने लोन लेने से मना किया, लेकिन एजेंट राजीव ने उनकी बात नहीं सुनी सन 2023 में रामकुमार को बैंक से एक नोटिस मिला, जिसमें उनके नाम पर 15 लाख रुपये का लोन दिखाया गया। इसके बाद एक रिकवरी एजेंट उनके घर पहुंचा और 7-8 किस्तें जमा होने का दावा करते हुए 15 लाख रुपये की वसूली की मांग करने लगा।

रामकुमार ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई लोन नहीं लिया है। थानाभवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तत्कालीन शाखा प्रबंधक, एजेंट राजीव और रिकवरी एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान बैंक मैनेजर बिष्ट ने कहा कि यह मामला उनके कार्यकाल से पहले का है। जांच जारी है और सामने आए तथ्यों के अनुसार दोषी लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला जिले में बैंक धोखाधड़ी के गंभीर मामलों में से एक माना जा रहा है और प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है।

# पांच मामलों में चार दोषियों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के क्रम में शामली पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते विभिन्न मामलों में चार अभियुक्तों को न्यायालय से सजा सुनाई गई है। अदालत ने पांच अलग-अलग मामलों में दोष सिद्ध होने पर आरो.पियों को दंडित करते हुए कुल 5,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाने की कार्रवाई लगातार जारी है।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2018 में थाना झिंझाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 725/2018 धारा 356 भादवि के मामले में लक्ष्मणपुरा निवासी अर्जुन पुत्र सतवीर उर्फ सतपाल को न्यायालय ने दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाने के साथ ही 2,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि यदि आरोपी निर्धारित समय में जुर्माना अदा नहीं करता है तो उसे तीन दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी प्रकार वर्ष 2007 में थाना थानाभवन क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 491/2007 धारा 279, 338 और 427 भादवि के मामले में ग्राम सलफा निवासी अवधेश कुमार उर्फ अवधीश कुमार को भी न्यायालय ने दोषी पाया। अदालत ने इस मामले में आरोपी को 1,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा वर्ष 2018 में थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत दर्ज दो अलग-अलग मामलों में ग्राम खेड़की निवासी बिट्टू पुत्र प्रेमचंद को भी अदालत ने दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोनों मामलों में आरोपी को उठने तक की सजा सुनाते हुए 500-500 रुपये के दो अर्थदंड, कुल 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को सात-सात दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इसी क्रम में वर्ष 2022 में थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में आबकारी अधि.नियम की धारा 60(1) के तहत दर्ज एक अन्य मामले में ग्राम अंबेहटा निवासी शुभम कुमार पुत्र सुभाष चंद को भी न्यायालय ने दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को उठने तक की सजा के साथ 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

जुर्माना न देने की स्थिति में सात दिन के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपरा.धियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## मिशन शक्ति महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कस्बे में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल रूबी और पूजा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दिल्ली बस स्टैंड और मयूर तिराहा सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को 1090, 1091 और 112 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या घरेलू हिंसा की स्थिति में वह बिना डर के तुरंत पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देने, आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया।

# रमजान के चौथे जुमे को लेकर पुलिस सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रमजान माह के चौथे जुम्मे को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार शाम पुलिस टीम ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मस्जिदों में पहुंचकर नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की अपील की।

गुरुवार को रोजा इफ्तार के बाद पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी विभिन्न मस्जिदों में पहुंचे और वहां मौजूद पेश इमामों तथा मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार लोगों से मुलाक.ात कर आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि रमजान के दौरान बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचते हैं, ऐसे में सभी को मिलकर शांति और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। पुलिस टीम ने जामा मस्जिद, नीला रोजा मस्जिद, कुरेशियान मस्जिद, मदरसा नूरिया, शाह मुबारक मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नमाज के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और ऐसी किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि जुमे की नमाज के दिन मस्जिदों में अधिक भीड़ रहती है, इसलिए लोगों को भीड़भाड़ के दौरान सावधानी बरतने और शांति बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधिकारियों ने मस्जिद कमेटियों और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। पैदल गश्त के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज पवन कुमार और एसआई आनंद कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान स्थानीय लोगों और मस्जिद कमेटी के पदा.धिकारियों ने पुलिस को आश्वस्त किया कि जुमे की नमाज आपसी भाईचारे और शांति के साथ अदा की जाएगी तथा प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा।

## पूर्व सांसद ने काजल चौहान को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव चढ़ाव की होनहार बेटी काजल चौहान ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 403वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।काजल चौहान गांव चढ़ाव निवासी नफे सिंह की पुत्री हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं विशेषकर छात्राओं को प्रेरणा मिली है।गुरुवार को कैराना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी गांव चढ़ाव पहुंचे और काजल चौहान को बुके भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर इतनी बड़ी परीक्षा में सफलता पाना गर्व की बात है और युवाओं को काजल से प्रेरणा लेकर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।इस दौरान मोनू चौहान, आजाद चौहान, प्रदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बुलेट बाइक अनियंत्रित होने से युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव पिंडोरा निवासी एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक बुलेट बाइक से कच्ची गढ़ी से अपने गांव पिंडोरा लौट रहा था।जानकारी के अनुसार पिंडोरा निवासी रितेश अपनी बुलेट बाइक से कच्ची गढ़ी से घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह सांपला मोड़ के पास पहुंचा, अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल रितेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन में भर्ती कराया गया।

# बाईपास पर ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान

## सहायक यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज के नेतृत्व में की चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कैराना बाईपास पर सहायक यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहन चालकों के चालान किये गए।

गुरुवर को ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और बिना सीट बेल्ट लगाए फ ोर व्हीलर चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम ने बाईपास से गुजर रहे वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे कई वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सख्त हिदायत दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहन चालकों के चालान काटे गए।अचानक शुरू हुए अभियान से बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक दूर से ही पुलिस चेकिंग देखकर रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कुछ लोगों ने मौके पर ही हेलमेट पहन लिया। सहायक यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी दिनेश, राजीव, सरोहा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने के लिए जागरूक भी किया।



# पैकिंग के नाम पर की ठगी, पीड़ित को धमकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोशल मीडिया पर घर बैठे पैकिंग का काम और 30000 कमाने का विज्ञापन देखकर एक व्यक्ति ने रजिस्ट्रेशन फीस तो ऑनलाइन जमा कर दी। मगर जब पैकिंग का सामान भेजने के नाम पर 4500 मांगे गए तो पीड़ित को ठगे जाने का आभास हुआ। रुपए न देने पर पीड़ित को धमकाने और झूठे मामले में जेल भिजवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

बिडौली क्षेत्र के ग्राम ऊदपुर निवासी अमीर आलम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च को करीब सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक कंपनी का कर्मचारी बताते हुए घर बैठे पैकिंग का काम कराने और हर महीने 30 हजार कमाने का लालच दिया। आरोप है कि ठगों ने पैकिंग कार्य का कार्ड बनवाने के नाम पर उनसे 650 की रजिस्ट्रेशन फीस ऑनलाइन बारकोड के माध्यम से जमा करा ली। इसके बाद व्हाट्सएप पर एक आई-कार्ड भी भेज दिया। साथ ही एक वाहन में पैकिंग का सामान लोड होने का वीडियो दिखाकर भरोसा दिलाया कि उनका माल भेजा जा रहा है और पैकिंग के एडवांस के तौर पर 15 हजार भी दिए जाएंगे, जबकि शेष15 हजार महीने का काम पूरा होने के बाद मिलेंगे।

आरोप यह भी है कि फोन पर बात करने वाले व्यक्ति द्वारा बताया गया की जिस गाड़ी में पैकिंग का सामान भेजा गया है पुलिस ने उस गाड़ी को चेकिंग के लिए रास्ते में रोक लिया है अत: सामान के 4500 रुपए तुरंत ही भेज दे। इस पर अमीर आलम को ठगे जाने का शक हुआ। जिस पर आलम ने 4500 रुपए भेजने से मना कर दिया।

आलम का आरोप यह भी है कि फोन करने वाले व्यक्ति ने बदतमीजी करते हुए गाली गलौज और झूठे मामले में जेल भिजवाने की धमकी तक दे डाली। यह तो अच्छा हुआ कि रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक बार कोड के माध्यम से भेजे गए ₹650 रुपए पर ही बात खत्म हो गई , वरना कई हजार की चपत लगने वाली थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है। कुछ लोगों का कहना है कि इस तरह के विज्ञापन फेसबुक जैसे सोशल मीडिया पर आते रहते हैं मगर लोगों को उनके लालच में कभी नहीं आना चाहिए जबकि इस साइबर क्राइम के लिए पुलिस द्वारा बार-बार जागरूक किया जाता रहता है।

# मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।सहारनपुर डीआईजी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा ख्रनशे के अंधक.ार से उजाले की ओर अभियान के तहत जनपद भर में पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पुलिस भी क्षेत्र में सक्रिय होकर नशा तस्करों पर कड़ी नजर रखे हुए है और उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।पुलिस को बीती रात मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है और युवाओं को नशे की लत लगाकर उनका भविष्य अंधकारमय बना रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की पुलिस को मौके पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पुलिस द्वारा युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 520 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद हुई । पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम शाहरुख पुत्र शाईद, निवासी बिजली घर मार्ग, बताया। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में ले लिया।गुरुवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी शाहरुख पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस अब उसके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है और क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हरे-भरे सागौन के पेड़ों पर चली आरी, लेबर फरार

- वन विभाग की दबिश से ठेकेदार लेबर समेत फरार।
- वन विभाग ने की वीडियोग्राफी, बाग मालिक से पूछताछ के बाद ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित गांव अटटा के समीप एक बाग में हरे-भरे सागौन के पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही पेड़ काट रहे ठेकेदार अपनी लेबर के साथ मौके से फरार हो गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल करते हुए वीडियोग्राफी कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।गुरुवार को किसी व्यक्ति ने वन विभाग को सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गांव अटटा के पास ग्रामीण सुरेंद्र सिंह के बाग में हरे-भरे सागौन के पेड़ों की कटाई की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की महिला अधिकारी पूजा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। हालांकि टीम के पहुंचने की भनक लगते ही पेड़ काट रहे ठेकेदार और उसके मजदूर मौके से फरार हो गए।मौके पर जांच के दौरान वन विभाग की टीम को पेड़ों के चारों ओर खुदाई किए जाने और ऊपर से कटाई के निशान मिले। वहीं एक पेड़ पर रस्सा भी बंधा हुआ मिला, जिससे साफ जाहिर होता है कि पेड़ को गिराने की तैयारी की जा रही थी। टीम ने मौके की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य एकत्र किए।वन विभाग ने बाग मालिक सुरेंद्र सिंह से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मोहल्ला खेल निवासी ठेकेदार सारिक द्वारा पेड़ों की कटाई कराई जा रही थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अग्रिम रिपोर्ट तैयार करने में वन विभाग जुटा हुआ है।गौरतलब है कि क्षेत्र में लगातार हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई के मामले सामने आ रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि इस तरह की अवैध कटाई से प्राकृतिक संतुलन पर गहरा असर पड़ रहा है। वन विभाग का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।



# यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें :जुल्फिकार अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाने की पुलिस द्वारा नगर में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक जुल्फिकार अली ने नगर के मुख्य बाजार में युवाओं व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।उपनिरीक्षक जुल्फिकार अली ने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का मुख्य कारण लापरवाही से वाहन चलाना, बिना हेलमेट बाइक चलाना, तेज गति से वाहन दौड़ाना और यातायात नियमों की अनदेखी करना है। ऐसी लापरवाही के कारण कई लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है और परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है।उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।उपनिरीक्षक ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो पुलिस को मजबूरन उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करनी पड़ती है।इस मौके पर मौजूद युवाओं को सुरक्षित वाहन चलाने का संकल्प भी दिलाया गया।उपनिरीक्षक जुल्फिकार अली ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह जागरूकता अभियान चलाया गया है और आगे भी इसी प्रकार नगर में समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

सूचना
शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सुनील वर्मा
( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )
मो. 8630354443
कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# तरूण हत्याकांड को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**■ भारतीय खटीक महासभा ने की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिल्ली के उत्तम नगर में तरूण खटीक की हत्या के विरोध में भारतीय खटीक महासभा ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को देकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि होली के अवसर पर एक मुस्लिम महिला पर पानी के छींटे पड़ने की मामूली बात को लेकर असामाजिक तत्वों ने 26 वर्षीय तरुण खटीक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस घटना को बेहद दुखद, अमानवीय एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा गया कि आरोपितों द्वारा क्षेत्र में लोगों को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं, जिससे समाज में भय और आक्रोश का माहौल है। भारतीय खटीक महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. पवन संवई




खटीक के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को कठोरतम दंड दिलाया जाए, सभी आरोपियों व साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। महासभा के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस मामले में शीघ्र न्याय दिलाने के लिए सख्त कदम उठाएगी और क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करेगी।

इस दौरान परनील मोगा, अनिल भोगा, विजेन्द्र जौहरी, सतेंद्र कुमार, बृजमोहन मोंगा, अनिल धारिया, छतरसह, राजेश जौहरी, मुकेश धकार, नाथीराम जैत्री, शिव कुमार मानस्य, विजय भौमा, आकाश मौधा, अंकित, जगदीश परमार, सूमोध धारिया, राकेश कुमार, संजय गोरख, प्रमोद कुमार, नवीन कुमार, बेलप्रभास मौहाने, अमरदाप रोड व शशांक मोघा आदि मौजूद रहे।

# सौहार्द से मनाएं त्यौहार: सिमरन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रांगण में आगामी त्योहार अलविदा जुमा, ईद उल फितर व राम नवमी पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों से त्योहारों को शातिपूर्वक मनाने की अपील की।



थाना प्रांगण में सभ्रांत नागरिकों के साथ आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह ने कहा कि ईद उल फितर या राम नवमी का पर्व सभी लोग मिल जुलकर आपसी प्रेम व सौहार्द पूर्वक मनाएं। सभी त्योहारों को प्यार मोहब्बत और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने का दायित्व हम भी का बनता है।

उन्होंने कहा कि झूठी अफवाहों पर ध्यान ना दें, छोटी मोटी घटनाओं को तूल न देकर तुरंत पुलिस को सूचना दें। कोई भी नई परंपरा शुरू न करें, नई परम्परा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। एसओ विनोद कुमार ने भी सभी लोंगो से त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

बैठक में इमाम जामा मस्जिद मौलाना मो. मुअव्वज, मौलाना अहबाब, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुक.श शर्मा, भाजपा नेता चाँद मियां, कारी लियाकत, इरशाद प्रधान, इस्लाम प्रधान, शराफत प्रधान, जुलकरनैन प्रधान, राव अब्दुल हई प्रधान, कुर्बान प्रधान, मुबारिक प्रधान, नदीम प्रधान, इरफान प्रधान, नसीम बाबू प्रधान, रणधीर प्रधान, राशिद प्रधान, कली राम, तेजपाल सैनी प्रधान, विनोद प्रधान, सभासद अनुपम जैन, निशांक जैन, यूनुस मेम्बर, नवनीत प्रधान, सरवर प्रधान, तसव्वर प्रधान आदि सहित क्षेत्र के सैंकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## इस्तीफे के चार माह बाद होंगे चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों** ग्रामसभा महंगी के ग्राम प्रधान द्वारा पद से इस्तीफा दिए जाने के चार माह बाद ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य कार्यवाहक ग्राम प्रधान का चुनाव करेंगे।

ग्राम पंचायत महंगी के प्रधान रहे सेवानिवृत्त सैनिक अमित कुमार कोरी का पुलिस में रेडियो ऑपरेटर के पद पर चयन हो गया था। जिसके कारण उन्होंने एक अक्टूबर 2025 को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद से ही ग्राम प्रधान का पद खाली था। प्रधान का पद खाली होने के कारण विकास कार्य बंद पड़े थे। ग्रामीणों को भी ग्राम सभा से जुड़े कार्य करने के लिए इधर-उधर भागना पड़ रहा था। यहां तक की सफाई कर्मियों को कार्य करने के लिए पर्याप्त संसाधन तथा सामग्री भी नहीं मिल पा रही थी।

# पर्वों को लेकर जिम्मेंदारों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** ईद-उल-फितर और अलविदा जुमे की नमाज को लेकर शांति, व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई मुफ्ती मौ अखलद ने कहा कि सड़कों पर न पढ़े ईद की नमाज,ईदगाह व मस्जिदों का करे रुख।



जामा मस्जिद कमेटी सरसावा के सदर मुफ्ती मो अखलद ने अपील करते हुए कहा है कि ईद-उल-फितर तथा अलविदा जुमे की नमाज सड़कों पर अदा न करें, बल्कि निर्धारित ईदगाहों और मस्जिदों में ही नमाज अदा करें, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और सभी लोग अमन-चौन के साथ त्योहार मना सकें।उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन, अनुशासन और सामा.जिक जिम्मेदारी का पैगाम देता है, इसलिए सभी लोग प्रशासन द्वारा तय व्यवस्थाओं का पालन करें और त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। सरसावा थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने क्षेत्र के उलेमाओं और जिम्मेदार लोगों से बातचीत करते हुए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद के मौके पर कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी धर्मगुरु और सामाजिक लोग प्रशासन का सहयोग करें तथा लोगों को भी निर्धारित स्थानों पर ही नमाज अदा करने के लिए जागरूक करें।

# सबकी भावनाओं का सम्मान करें:रूचि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सीओ रुचि गुप्ता ने कहा कि रमजान के अलविदा जुमा और ईद-उल-फितर के त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं।सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

कोतवाली परिसर में ईद उल फितर को लेकर आयोजित बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी रूचि गुप्ता ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी हालत में सड़क या सार्वजनिक मार्ग पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। सभी लोग मस्जिदों, ईदगाह या निर्धारित स्थानों पर ही नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट न डाले। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए



कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया और कहा कि क्षेत्र में अलविदा जुमा और ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

इस अवसर पर शहर काजी अदील फारूकी, काजी नदीम उल हक, मौलाना असद मियां, आबिद हसन, हाजी मंसूर, खलील अहमद, नदीम सभासद, आफताब मलिक सभासद सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अफवाहों के चलते गैस उपभोक्ताओं में हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और अफवाहों के चलते क्षेत्र में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों के लिए हाहाकार मचा हुआ है। दिनभर लोग एजेंसियों के बाहर लंबी लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। गैस की किल्लत के डर से लोग जरूरत से ज्यादा सिलेंडर खरीद कर स्टॉक कर रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पटना उर्फ नयाबांस में बृहस्पतिवार को एक गैस एजेंसी का डिलिवरी बॉय बुक किये गये सिलेंडर देने गया था, जहां उस पर कुछ लोग बिना गैस बुक किये सिलेंडर डिलिवर करने का दबाव बनाने लगे। डिलिवरी बॉय द्वारा गैस बुक करने के बाद सिलेंडर डिलिवर करने की बात कही गयी तो लोगों ने उसे घेर लिया ओर गैस सिलेंडर देने का दबाव बनाने लगे।डिलिवरी बॉय व लोगों के बीच घंटों चली बहस के बाद डिलिवरी बॉय सिलेंडर डिलिवर किये बिना ही एजेंसी लौट गया। इसी प्रकार गैस एजेंसी पर भी अफवाहों के चलते दिनभर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दिनभर लोग गैस सिलेंडर लिये लम्बी लम्बी कतारें लगाये खडे रहते हैं। जिससे एजेंसी पर अफरातफरी का माहौल बना हुआ है।भारत गैस की किरन गैस एजेंसी प्रबंधक जगदीश बर्मन ने बताया कि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर हैं।

# आवारा पशु नियंत्रण दल गठित करें: नगरायुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निकट भविष्य में आने वाले चौत्र नवरात्रि, ईद उल फितर, रामनवमी व महावीर जयंती आदि पर्वो पर जुलूस मार्गों को गड्ढ़ा मुक्त करने, मेनहॉल पर ढक्कन लगवाने तथा धार्मिक स्थलों के पास साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने त्यौहारों पर व्यवस्था के सम्बंध में त्वरित कार्रवाई हेतु क्विक रिस्पांस सिस्टम तैयार करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास आवारा पशुओं के विचरण को नियंत्रित करने के लिए आवारा पशु नियंत्रण दल का गठन करने के भी निर्देश दिए हैं।

नगरायुक्त ने पर्वो की तैयारियों के सम्बंध में निगम अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक कर ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त पर्वो के दृष्टिगत मंदिर, मस्जिद व ईदगाह के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में नियमित निगरानी रखते हुए उक्त सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईद उल फितर के अवसर पर मुख्यत: मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पेयजल एवं नालियों तथा सड़कों की साफ सफाई व्यवस्था, ईदगाह के आस-पास नमाज से पूर्व पानी व चूने का छिड़काव और मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। जहां-जहां मेनहॉल खुले हैं वहां ढक्कन लगवाए जाएं।

नगरायुक्त ने विद्युत कटौती के दृष्टिगत निर्बाध जलापूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था करने तथा बढ़ते तापमान के दृष्टिगत क्लोरीनेशनयुक्त जल की आवश्यकतानुसार पूर्ति पूर्णत: बनाये रखने के अलावा धार्मिक स्थलों के आस-पास बने सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों की नियमित साफ सफाई रखने तथा मोबाइल शौचालयों व पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्वित करने को भी कहा है। उन्होंने निगम क्षेत्र की सभी सड़कों विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास की सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने, इन स्थलों तक पहुंच मार्ग की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगरायुक्त ने धार्मिक स्थलों के आस-पास कूड़ा एकत्रीकरण न करने और नगर में उत्सर्जित कूडेघ का एकत्रीकरण कर उसका लैण्डफिल साइट पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए है।

### स्टेशनरी किट वितरित

**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन स्वंयसेवकों ने अपने शि.विर के अनुभवों को साझा किया और मौहल्ला टांकान के आगनबाडी केन्द्र में जाकर बच्चों को साफ-सफाई के बारे मे बताया और स्टेशनरी किट वितरित की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकुमार ने सात दिनो मे किए गए स्वच्छता, साक्षरता, दहेज प्रथा, सडक सुरक्षा, नशा मुक्ति, श्बेटी बचाओ-बेटी पढाओ आदि कार्यक्रमों के बारे में बताया।

प्राचार्य डा. पवन बंसल ने स्वंयसेवको के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लंबित मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**बेहट।** मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय व ईपीएफ भुगतान की मांग को लेकर ब्लाक ममुजफ्फराबाद योगेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया।

ब्लॉक मुजफ्फराबाद तकनिकी सहायक संजय कुमार, प्रदीप कुमार के नेतृत्व में दिए गए बीडीओ को ज्ञापन में बताया कि जुलाई 2025 से मनरेगा कर्मियों को मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मानदेय न मिलने के कारण होली और दिवाली जैसे त्योहार भी फीके रहे। आर्थिक संकट के चलते विभागीय कार्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा कर्मियों ने विभागीय निर्देशों के अनुसार जनपद के लक्ष्यों की पूर्ति में पूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य विभागीय कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। कर्मचारियों का कहना है कि सर्वाधिक मानव दिवस सृजित होने से प्रशासनिक मद भी अधिक बना। इसके बावजूद मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया।

इस दौरान तकनिकी सहायक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मी के अलावा चंदपाल, रजनीश कुमार, शोसीन, धर्मवीर सिंह, मोनी कुमार, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, मोहर सिंह, रविंदर राणा, सुहेल खान, जमाल अहमद,जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मौ. जावेद, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

## किडनी से संबंधित बिमारियों को बताया

**बेहट।** राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व किडनी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करा छात्राओं को किडनी से संबंधित बीमारियों और उनके रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

जंतु विज्ञान विभाग द्वारा कॉलेज के सभागार में विश्व किडनी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को किडनी के स्वास्थ्य और उससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम की विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए जंतु विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉक्टर रामकुमार ने बताया कि किडनी हमारे शरीर का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है जो शरीर से विषैली पदार्थों को बाहर निकलने का कार्य करती है। कहां कि अनियमित खान-पान पर्याप्त पानी न पीना अत्यधिक नमक का सेवन तथा अस्वस्थ जीवन शैली किडनी की बीमारियों का प्रमुख कारण बनती है।

# रोजा इफ्तार कर मांगी अमन की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मुकदस रमजान माह शुरू होते ही कस्बे के बस स्टैंड पर कुछ समाजिक लोगो द्वारा आने जाने वाले राहाँगीरो,गरीबो व असहाय रोजेदारों के लिए रोजा अफ्तार का आयोजन किया जाता है जिसमे रोजेदारों ने मुल्क व कौम की तरक्की, खुशहाली व अमनो अमान के लिया अल्लाह को बारगाह में हाथ उठाकर दुआएं मांगी।



पिछले कई वर्षों से कस्बे के बस स्टैंड पर रमजान माह शुरू होते है मुसाफिर रोजे दारो के रोजे इफ्तार का इंतजाम कस्बे के मुस्लिम युवकों द्वारा कराया जा है जो आज भी रोजे अफतारी की परंपरा को चालू रखते है । पूरे रमजान महीने तक रोजा अफ्तारी कार्यक्रम में काफी संख्या में सफर करने वाले मुसाफिरों और खरीदारों को रोजा अफ्तार कराया जाता है। रोजा अफ्तार के बाद रोज.दारों को खाना भी खिलाया जाता है।

इस मौके पर मुफ्ती असजद वक्कार शेख हाजी आफताब पीर जादा अजीम मलिक तौफीक अहमद शाहनवाज सिद्दीकी अरशद शेख फराज, अशफाक शेख असद वाजिद अहमद मोहम्मद अजहरुद्दीन शेख अमान शेख अनवर शेख अजहर,साहिल, मुहम्मद राशिद, शाहबाज, शिफा अल मलिक कादिर, मुजाहिद, आयन, अदनान, आदि मौजूद रहे।

# मां शाकम्भरी देवी को चढ़ाई जाएगी 900 फुट चुनरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर से 900 फुट चुनरी मां शाकंभरी देवी को चढ़ाने के लिए प्रस्थान अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि कल शाकुंभरी देवी को चढेगी 900 फुट की चुनरी।

श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां शाकंभरी को 900 फुट चुनरी अर्पण अखंड भंडारा प्रतिदिन एवं मां शाकंभरी चरित्र कथा कार्यक्रम के मध्य 900 फुट की चुनरी सितारों एवं गोटा जारी से सजाई हुई सूरत गुजरात से बनवाकर भक्तों के भाव द्वारा मंगवाई गई। आज चुनरी भव्य रूप में भक्तों ने विधिवत पूजा कर अपने सिर पर धारण कर भव्य शोभायात्रा के रूप



में पैदल यात्रा प्रारंभ कर मां शाकुंभरी देवी के लिए प्रस्थान किया। शुक्रवार को माता शाकुंभरी देवी को चुनरी चढ़ाई जाएगी तथा 17 मार्च तक मां भगवती के दरबार में अखंड भंडारा चलेगा एवं मां शाकंभरी चरित्र कथा प्रतिदिन चलेगी। स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां आदिशक्ति योग माया शाकंभरी देवी सबका कल्याण करने वाली है। श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने से मां भगवती सबकी ही मनोकामना पूर्ण करती है। उन्होंने कहा कि मां भगवती चराचर में व्याप्त है मां भगवती को कुछ भी अर्पण नहीं किया जा सकता। वह स्वयं ही करने वाली है और स्वयं करवाने वाली है, अर्थात आदि शक्ति ही प्रकृति में क्रियान्वन कर उसे चेतन रूप में स्थापित करती है। मां भगवती शाकंभरी देवी भी प्रत्येक जीव का कल्याण करती है। सबका भरण पोषण करती है एवं सभी विघ्नों का नाश करती है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष राकेश जैन, राजन कोचर, सनी तनेजा, रमेश चंद्र शर्मा, राजेंद्र धीमान, अश्विनी कांबोज, रविंद्र चौधरी, संजय राणा, सुनील कश्यप, मनोज शर्मा, अनिल कश्यप, अनिल अरोड़ा, सागर गुप्ता, मनीष गुप्ता, संजय अरोड़ा, अनिल नारंग, वर्षा, किरण, बबली, संगीता, प्रभा, अनीता, गीता, कुसुम, रेखा आदि सहित महिला-पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चौकी के पास बनी शराब कैंटीन पर ओवररेटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** कस्बे में बस स्टैंड के पास शराब के ठेके के बराबर में बनी कैंटीन पर नियमों की जमकर अनदेखी हो रही है.आश्चर्य की बात यह है कि इस कैंटीन से लगभग 500 मीटर की दूरी पर पुलिस चौंकी है. आबकारी विभाग ने तो इस कैंटीन की तरफ से अपनी आंखें ही मूंद ली हैं।

इस कैंटीन की बराबर में देसी शराब,अंग्रेजी शराब और बियर के ठेके हैं.सरकार की गाइडलाइन के अनुसार शराब के ठेकों का खुलने का समय सुबह 10 बजे है लेकिन इस कैंटीन पर सुबह 7 बजे से शराब बिकनी शुरू हो जाती है.अब यह जांच का विषय है कि इस कैंटीन पर बिकने के लिए शराब आखिर आती कहां से है?

सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कैंटीन में भीतर बैठकर शराब पी जा सकती है लेकिन इस कैंटीन ने सभी नियम कायदे कानून को ताक पर रख दिया है.सरेआम शराब के शौकीन इस कैंटीन पर खड़े होकर शराब पीते हुए देखे जा सकते हैं जिससे लोगों को बडी परेशानी होती है। इस कैंटीन पर सुबह 7 बजे से लेकर ठेके खुलने तक जो शराब बेची जाती है उस पर जमकर ओवर रेटिंग होती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेके पर जिस शराब का रेट 75 रुपए है इस कैंटीन पर वह शराब 90 रुपये की मिलती है। अब सवाल यह है कि नियम कायदे कानून का पालन कराने वाला आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस नियमों की अनदेखी पर आखिर चुप क्यों है?

# पिछले 50 सालों से ढायकी में नहीं होता मृत्यु भोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** पुराने समय से चली आ रही कुछ कुरीतियों को छोड़ने के लिए समाज में जगह-जगह पर आजकल पंचायतें हो रही हैं.जिन कुरीतियों को छोड़ने की बात आज समाज में हो रही है उन्हें गंगोह ब्लॉक का गांव ढायकी आज से लगभग 50 साल पहले छोड़ चुका है।

समाज में मृत्यु भोज को लेकर भी आजकल खूब चर्चाएं हो रही हैं। लोग इसे बड़ी कुरीति के रूप में देख रहे हैं.जिन जगहों पर मृत्यु भोज की प्रथा चल रही है वहां पर लोग इसे छोड़ने के लिए पंचायतें कर रहे हैं लेकिन गांव ढायकी में लगभग 50 वर्षों से मृत्यु भोज बंद है। ग्रामवासी चौधरी कंवल सिंह, चौधरी पदम सिंह, चौधरी चरण सिंह, जसवीर लाला आदि ने बताया कि गाँव में किसी परिवार में यदि कोई स्वर्गवासी हो जाता है तो उसकी रस्म पगड़ी पर मृत्यु भोज का आयोजन नहीं किया जाता है. यही नहीं रस्म पगड़ी तक गांव का कोई भी व्यक्ति शोक संतप्त परिवार के घर पर एक कप चाय तक नहीं पीता है। ग्रामीणों का कहना है कि आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व बड़े बुजुर्गों चौधरी




बाबूराम प्रधान, चौधरी भन्दू सिंह,चौधरी मुसद्दी, चौधरी पवन सिंह और अन्य कई सम्मानित व्यक्तियों ने मिलकर मृत्यु भोज ना करने का निर्णय ले लिया था तब से लेकर आज तक ग्रामीण उस परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं. ग्रामीणों ने यह भी जानकारी दी कि गांव ढायकी से जो लोग अन्य जगहों पर रस्म पगड़ी में जाते हैं यदि वहां पर मृत्यु भोज हो रहा है तो वहां पर भी ग्रामीण मृत्यु भोज नहीं करते.अपने गांव की परंपरा को ढायकीवासी बाहर भी बखूबी निभाते हैं.ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें गर्व है कि उनके बुजुर्गों ने मृत्युभोज जैसी कुरी.ति जिसे लोग आज छोड़ने की बात कर रहे हैं उसे 50 साल पहले छोड़ दिया था।

गांव ढायकी में बड़े बुजुर्गों ने केवल मृत्यु भोज को ही बंद नहीं किया हुआ है बल्कि गांव में लड़की की शादी में भी ग्रामीण खाना नहीं खाते हैं.लड़की की शादी में ग्रामीण खूब काम करते हैं.सारी व्यवस्थाएं करते हैं.पूरे दिन खड़े रहकर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं लेकिन खाना बिल्कुल भी नहीं खाते.ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा भी गांव के बड़े बुजुर्गों द्वारा लगभग 50 साल पहले शुरू की गई थी.सेवानिवृत हेड मास्टर कंवरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़े बुजुर्गों ने इस परंपरा को शुरू केवल इसलिए किया था कि बाहर से आए हुए अतिथियों के सेवा सत्कार में ग्राम वासियों की तरफ से कोई कमी ना रह जाए. इस परंपरा के अनुसार ग्रामीण लडकी की शादी के दिन पूरा दिन खड़े रहकर बारात और बाहर से आए हुए अतिथियों का खूब आदर सत्कार करते हैं. उनकी खूब सेवा करते हैं लेकिन स्वयं शादी वाले घर में उस दिन एक कप चाय तक भी नहीं पीते हैं।

## मारपीट के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने गांव नाल्हेड़ा निवासी तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना क्षेत्र के गांव नाल्हेड़ा निवासी पीड़ित ईसम पुत्र गेन्दाराम द्वारा दी गई तहरीर पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ईसम सिंह ने थाना पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विपक्षी कुसमचन्द पुत्र रामसिंह, सोनू पुत्र कुसमचन्द व राहुल पुत्र कुसमचन्द निवासी ग्राम नन्हेडा थाना चिलकाना द्वारा पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की गयी।

पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर उसकी पत्नी व अन्य लोग मौके पर आये जिन्हें देखकर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरा.पी कुसमचन्द, सोनू व राहुल के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनुज को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सलेखचंद पुत्र तेजा निवासी इन्फैन्ट स्कूल के पास, न्यू प्रकाश लोक कालोनी, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

# शांति समिति बैठक का हुआ आयोजन

## त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक होते हैं: सीओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद के त्योहार के मद्देनजर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में त्योहारों को आपसी भाईचारे का प्रतीक बताते हुए इन्हें शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया गया।

बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होते है। कहा कि ईद का पर्व आने को है। सभी इसे मिलजुल कर शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के दौरान शासन-प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने के साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बताया कि ईद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी और सुरक्षा की दृष्टि से नमाज के समय मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने ईद त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए लोगों का सहयोग मांगा। लोगों ने त्यौहार शांति व सद्भाव से मनाने और प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने का आश्वासन दिया। बैठक में गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




# गन्ना समितियां करा रही मिल कांटों पर घटतौली : सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (वर्मा) व पश्चिमी प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि चीनी मिलों के कांटों पर खुलेआम जो घटतौली कराई जा रही है, सीधे तौर पर उसके लिए गन्ना समिति के सचिव जिम्मेदार हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

बृहस्पतिवार को रविदास मार्ग स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में भगत सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि सहकारी गन्ना समिति सचिव चीनी मिल के प्रत्येक गन्ना कांटे से अवैध रूप से वसूली करके घटतौली करा रहे हैं। गन्ना समिति किसानों के हित के लिए है न की चीनी मिल के हित के लिए। गन्ना विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वह घटतौली की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने सीएम योगी, गन्ना मंत्री, प्रमुख सचिव (गन्ना) और गन्ना आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य सात सौ रुपये क्विंटल तो दूर 550 रुपये क्विंटल भी नहीं दिला पा रही है। जिसके कारण गन्ना किसानों का गन्ना उत्पादन से मोह भंग होता जा रहा है। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मुर्तजा सलमानी संचालन प्रदेश महामंत्री संदीप ने किया। इस मौके पर दुष्यंत सिंह, पंडित नीरज कपिल, ऋषिपाल, धर्मवीर चौधरी, वसीम, महबूब हसन, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।



# उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बने प्रशांत त्यागी

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुशील सिन्हा ने एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल बचीटी के प्रबंधक प्रशांत त्यागी को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सुशील सिन्हा ने प्रशांत त्यागी को सहारनपुर जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करने के साथ ही देवबंद तहसील का प्रभारी नियुक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे। किसी भी स्कूल का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ प्रदेश का सबसे पुराना संगठन है जो सहारनपुर से लेकर लखनऊ तक स्कूल प्रबंधकों और शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाता है। प्रशांत त्यागी के मनोनयन पर स्कूल संचाल. कों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# असहयोगी रवैया बरतने पर डीएम का सख्त रुख

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीयकृत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक एवं निजी बैंकों सहित जिन बैंक शाखाओं द्वारा अब तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है, उन शाखा प्रबंधकों के नाम उपलब्ध कराएं और उनके विरुद्ध शासन एवं संबंधित बैंक के उच्च अधिकारियों को उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं में असहयोगी रवैया और हठधर्मिता करने वाले किसी भी बैंकर्स को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीएलआरसी एवं डीसीसी की त्रैमासिक बैठक में बैंक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएलआरसी की बैठक में स्वयं उपस्थित हो, यदि किसी कारणवश प्रतिभाग करना संभव न हो तो नामित अधिकारी को पूरी सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के लिए भेजें, ताकि बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जा सके। समीक्षा के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में एसीपी अंतर्गत 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह दिसम्बर, 2025 राष्ट्रीयकृत बैंक यूको बैंक तथा इण्डियन बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम तथा निजी क्षेत्र के बैंकों में नैनीताल बैंक द्वारा मात्र 3 प्रतिशत, यस बैंक द्वारा 4 प्रतिशत तथा आईडीबीआई द्वारा 11 प्रतिशत उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि यथासंभव निर्धारित लक्ष्य पूरा करना सुनिश्चित करें। ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए उन्होंने 40% से कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले बैंकर्स को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेश्यो पूरा करने के निर्देश संबंधित बैंकर्स को दिए।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा डीएलआरसी की प्रत्येक बैठक में उनके द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को उक्त योजना से लाभान्वित करने के निरन्तर निर्देश दिए गए, परन्तु कुछ बैंकों द्वारा अभी तक एक भी युवा को उक्त योजना से आच्छादित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स का यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण रोजगारपरक शासकीय योजनाओं में मनमानी करने वाले बैंकर्स को जिले में रहने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1750 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 2563 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, इनमें से 1026 स्वीकृत आवेदनों में से 1008 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 597 आवेदन स्वीकृति के लिए तथा 110 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 1220 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 1001 ऋण खातों में रुपए 429.36 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। सकल कृषि अग्रिम योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लक्ष्य 18% के सापेक्ष 47%, कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम योजना के 40% राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष 69%, महिलाओं को 5 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 23%, अल्पसंख्यकों 15% के लक्ष्य के सापेक्ष 20% ऋण उपलब्ध कराया।

# एसडी इंजी. में होगा वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** 12 मार्च 2026 जिला सेवायोजन अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, मुजफ्फरनगर एवं एसडी इंजीनियरिंग कॉलेज, जानसठ रोड मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 19।03।2026 को एसडी इन्जीनियरिंग कॉलेज, जानसठ रोड मुजफ्फरनगर के परिसर में किया जा रहा है। जिसमें निजि क्षेत्र की 40 से अधिक कम्पनियां लगभग 3500 विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार ध परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिसमें केकेसी एन्टरप्राइजेज, एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस, हॉली हर्क्स, पुखराज हेल्थ केअर प्रा.लि., फिलिप कार्ड, लाईफ अन्शोयरेन्स कार्पोरेशन, डिक्सन टेक्नोलोजी इत्यादि नियोजकों द्वारा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा आदि योग्यताधारक अभ्यर्थियों के लिए एग्जीक्यूटिव, टेक्निकल असिस्टेंट, फील्ड एक्जीक्यूटिव, इंश्योरेंस एडवाइजर आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल roj-gaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण कराकर सम्मिलित हो सकते है। वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड, समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, फोटो आईडी एवं बॉयोडाटा लेकर अवश्य आए। वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग तथा चयन पूर्णतः निशुल्क है। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में जिला सेवायोजन कार्यालय मुजफ्फरनगर में सम्पर्क कर सकते है। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ शाहिद सम्मानित



**धामपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वीरा कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवदीप रिणवा (मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र.) ने निर्वाचन कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर, ब्लॉक बुढ़नपुर के सहायक अध्यापक शाहिद हसन को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं समयब) ढंग से कार्य संपन्न कराने के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएम जसजीत कौर, एसडीएम धामपुर, चांदपुर व नगीना, एडीएम वान्या सिंह तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही सभी से भविष्य में भी इसी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

### शिविर में नशा मुक्ति कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कालेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों एवं स्वंयसेविकाओं द्वारा कालेज परिसर तथा चयनित क्षेत्र में सफाई का कार्य किया गया। उसके पश्चात नशा मुक्ति अभियान से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें फरहीन जहां, अल्फिया इमरान, हिमानी, समीर अहमद, तरुण श्रीवास्तव और शिवा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो. मौहम्मद सलीम ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है जो इंसान के शरीर, मन और सम्मान को दीमक की तरह चाट जाता है। एक नशा-मुक्त व्यक्ति ही एक स्वस्थ परिवार और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिविर के द्वितीय सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि देश के युवाओं को व्यसन और नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहकर अपने बौद्धिक विकास और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में ही देश की निरंतर उन्नति निहित है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए इस दिशा में समर्पित रहने का संकल्प कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राजकुमार तथा पूजा राजपूत का विशेष योगदान एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यालय लिपिक राजेश श्रीवास्तव का भी विशेष सहयोग रहा।

### ई-रिक्शा का किराया बढ़ाने पर आपत्ति

**नजीबाबाद।** साहनपुर में ई-रिक्शा यूनियन ने बिना प्रशासन की अनुमति के रिक्शा का किराया दस रुपए प्रति सवारी से बढ़ाकर 15 रुपए प्रति सवारी कर दिया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुराना किराया जारी रखने की मांग की। साहनपुर क्षेत्र में हाल ही में बनी ई-रिक्शा यूनियन पर क्षेत्र के लोगों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए रिक्शा का किराया दस रुपए से बढ़ाकर 15 रुपए करने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाने का फैसला बिना प्रशासन की अनुमति के लिया गया है।

# किसानों की जमीन का सस्ते दामों पर सौदा

## प्रस्तावित एक्सप्रेस वे माफियाओं के लिए अरबों की कमाई का जरिया

**विशाल पाल**

**मंडावर।** सरकार द्वारा गोरखपुर एवं गंगा एक्सप्रेस वे जनपद से होकर गुजारने की घोषणा के बाद शातिर भूमाफिया भी सक्रिय हो गए हैं। भूमाफियाओं ने किसानों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीदने और हाइवे में जाने वाली जमीनों का मोटा मुआवजा मारने की योजना को अमली जामा पहनना शुरू कर दिया है। जिससे किसानों और सरकार को भारी नुकसान उठाने का अनुमान है। जबकि भूमाफियाओं की मोटी कमाई होने का अनुमान है।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे गोरखपुर एक्सप्रेस वे जनपद के तमाम गांवों से निकालने की घोषणा की गई है। जिसके बाद मंडावर इलाके में भूमाफिया की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सूत्रों के मुताबिक यह शातिर माफिया व कथित नेता लखनऊ जा कर गोरखपुर एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे का नक्शा हासिल कर लाए हैं और किसानों से उनकी जमीनें कम दामों पर खरीद कर सरकारी मुआवजे से अरबों रुपए कमाने की फिराक में हैं।



गंगा एक्सप्रेसवे, जो गोरखपुर मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा है। हाल ही में घोषित मेरठ से हरिद्वार तक की कनेक्टिंग एक्सप्रेसवे लिंक ने बिजनौर जैसे जनपदों में जमीन की कीमतें बढ़ा दी है।

लेकिन इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदना शुरु कर दी है। बाद में जब सरकार अधिग्रहण करती है, तो ये माफिया कई गुना मुआवजा लेकर मुनाफा कमा लेगे हैं।

भूमाफिया प्रस्तावित हाइवे को लेकर किसानों और सरकार को नुकसान पहुंचाने की भूमिका के लिए सक्रिय हो गए हैं। अब देखना ये हैं कि भूमाफियाओं को सरकार किस तरह से रोकती हैं और किसानों के छीनने वाले हक को किस तरह किसानों के लिए महफूज करती हैं।

### पुलिस की तत्परता से गिरा हुआ डेढ़ लाख रुपये का बैग मालिक को मिला वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते रास्ते में गिरा करीब 1.30 लाख रुपये से भरा बैग बरामद कर उसके मालिक को सकुशल वापस करा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

DEV BHOOMI
GROUP OF INSTITUTIONS
RECRUITMENT

| S.No. | Department | Requirement |
| --- | --- | --- |
| 1 | Pharmacy | Director / Principal (Qualification as per PCI) |
| 2 | Pharmocology, Pharmaceutics, Pharmacognosy, Pharmaceutical Medical Chemistry, Pharmaceutics Analysis | Professor,Associate Professor & Assitant Professor (Qualification as per PCI) |

Candidates may send application with latest resume at job@dbgisre.in with in 10 days
Dabki Road,Vill. Berijama,Just 4Km. from Civil Hospital,Saharanpur (U.P.) 247001
www.dbgisre.edu.in dbgi@dbgisre.edu.in
7351907907, 9760233223

# धामपुर में गैस की मार! सिर पर सिलेंडर ढोते दिखे उपभोक्ता, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से नगर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की डिलीवरी की व्यवस्था बिगड़ गई है, जिसके चलते उपभोक्ताओं में रोष देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर लेने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इसी बीच गुरुवार को नगीना चौक क्षेत्र में एक युवक अपने सिर पर गैस सिलेंडर रखकर ले जाता हुआ दिखाई दिया।

बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने इस घटना का फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो अब तेजी से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही है, जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों के सिलेंडर खाली हो चुके हैं और उन्हें खाना बनाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द से जल्द गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिले।



### प्रेम प्रसंग में महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ

**धामपुर।** ग्राम भटपुरा (अफजलगढ़) निवासी आरती की शादी संजीव निवासी ग्राम मनकुआ (अफजलगढ़) के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब साढ़े नौ बजे आरती धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मद्धि निवासी प्रियांश पुत्र दिनेश कुमार के घर पहुंची। इसी दौरान आरती ने अचानक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरती और प्रियांश के बीच पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की सूचना महिला के परिजनों को दे दी है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

## एक नजर

### डीएलएड में विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। डीएलएड बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएलएड विभाग की विभाग अध्यक्ष डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा चयनिका पुत्री फूल सिंह सैनी ने 91.37 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, विशाल कुमार चहल पुत्र खलेंद्र सिंह ने 89.37 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा मेघा चौधरी पुत्री त्रिवेंद्र सिंह ने 89.25 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निद. ेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एमएस अंसारी, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नर कंकाल मिलने से सनसनी



**नांगल सोती।** ग्राम मायापुरी और चमरौला के बीच दनियापुर मौजा में मुनेश देवी अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर रही थी। तभी उसे खेत के पास घास में नर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने ग्रामीणों को दी। सूचना पर सैकड़ों ग्रामीणों मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण घनश्याम सिंह ने सूचना नांगल पुलिस को दी। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर मौके पर पहुंचे तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके से पुलिस ने नरमुंड और कुछ हड्डियां कब्जे में ली, और मोर्चरी भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम सैंपल इकट्ठा किए। एसपी अभिषेक झा ने भी घटना की जानकारी ली। सीओ नितेश प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि कंकाल कितने दिन पुराना है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए सुरक्षित रखा जाएगा। आसपास के क्षेत्र में छानबीन की जा रही है, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से बिजली के खंभे टूटे

**नांगल सोती।** बीती रात एक अनियंत्रित कार नांगल-चंदक मार्ग पर सौफतपुर बिजली घर के सामने बिजली के उच्च क्षमता के खम्भों से टकरा गई, जिससे बिजली के कई खंभे टूट गए। हादसे के वक्त बिजली चल रही थी, खंभे टूट जाने कई गांवों की बिजली कई घंटे तक बाधित रही। सूचना पर पुलिस और बिजली कर्मी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस कार सवार युवकों को अपने साथ थाने ले आई, वही बिजली कर्मियों ने रात में ही लकड़ी की बल्ली लगाकर बिजली सुचारू की।

### बीएससी नर्सिंग में उपासना प्रथम

**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। छठे सेमेस्टर के परिणामों में उपासना राजपूत ने 447 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरुणा ने 431 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रोि. हत कुमार ने 426 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

**नाम परिवर्तन/सूचना**

मैंने अपना नाम WAHID ALI से बदलकर ABDUL WAHID रख लिया है। भविष्य में मुझे ABDUL WAHID S/o MOHAMMED MEHMOOD के नाम से जाना व पहचाना जाए।
पता- मं. नं. 418, ग्राम-मानकी, डाक-देवबन्द, पिनकोड-247554, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश।

# भारतीय क्रिकेट के अगले 12 महीने बेहद व्यस्त



● आगामी 12 महीनों में भारत आयरलैंड, श्रीलंका व जिम्बाब्वे में मैच के अलावा एशियन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले खेलेगा

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का अगले 12 महीनों का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा, जिसमें आयरलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे में मैच के इसके अलावा, एशिन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले भी शामिल हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम जुलाई-अगस्त में श्रीलंका में तीन टी-20 मैच खेल सकती है, इसके अलावा आगामी कार्यक्रम में पहले दो टेस्ट मैच शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है कि श्रीलंका में बाढ़ राहत के लिए फंड जुटाने के लिए तीन टी-20 मैच का कार्यक्रम है। टी-20 मैच और दो टेस्ट मैचों से पहले होने की संभावना है।

श्रीलंका टूर से पहले भारत एक से 19 जुलाई के बीच तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच के लिए इंग्लैंड जाएगा और रास्ते में आयरलैंड में थोड़ा रुक सकता है। डबलिन में तीन मैचों की सीरीज को लेकर बातचीत चल रही है। एक सूत्र ने कहा कि बातचीत चल रही है। और भरोसा जताया कि सीरीज हो जाएगी। बीसीसीआई ने पहले भी सीआई को (2018, 2022 और 2023 में) डबलिन में छोटी सीरीज के लिए सहयोग किया है। अगर बात. चीत कामयाब होती है, तो गेम जून के आखिरी हफ्ते में, इंग्लैंड टूर से पहले और अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद निर्धारित किए जा सकते हैं, जो दह से 20 जून के बीच एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलने वाले हैं। श्रीलंका सीरीज के बाद बीसीसीआई को शेड्यूलिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सितम्बर में सयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज होनी है, जो इंडियन क्रिकेट के लिए पहले से ही एक व्यस्त महीना है। बांग्लादेश के छह सफेद गेंद मैच - तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 के लिए दौरे की भी घोषणा की गई है। यह सीरीज, दोनों देशों के बीच हाल के डिप्लोमैटिक तनाव को देखते हुए भारत सरकार से मंजूरी मिलने पर ही होगी। इस बीच, तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के एक छोटे दौरे की भी बात हो रही है। हालांकि अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह दौरा सितम्बर में हो सकता है, लगभग उसी समय जब वेस्ट इंडीज तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 के लिए भारत का दौरा करने वाला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ मैचों की सीरीज के अक्टूबर तक चलने की उम्मीद है। इसी बीच 2026 एशियन गेम्स भी हैं, जो 19 सितम्बर से चार अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने हैं। गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी और भारतीय डिफेंडिंग गोल्ड मेडलिस्ट है। पुरुष मैच 25 सितम्बर से तीन अक्टूबर तक चलेंगे, जिससे टी-20 स्क्वॉड के जापान में खेलने की संभावना बढ़ गई है।

# आईसीसी ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेवन व दो अधिकारियों को किया निलंबित

● बिम 10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्लयूआई) ने भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिग के आरोप में जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों इटंस टीम के मालिक चित्रंजन राठौड़ और ट्रेवन ग्रिफिथ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों पर 2023-24 सीजन के दौरान बारबाडोस में हुई बिम10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं। आईसीसी ने सियरल्स और दोनों अधिकारियों को जवाब देने के लिए 14 दिनों का समय दिया है। आईसीसी ने कहा कि राठौड़ पर सीडब्लयूआई कोड के तहत तीन आरोप हैं, जबकि सियरल्स पर इसी कोड के तहत चार अपराधों के आरोप हैं।

ग्रिफिथ पर सीडब्ल्यूआई कोड के तहत चार और आईसीसी कोड के तहत एक आरोप है। इनमें आर्टिकल 2-1-1 के तहत मैच फिक्सिंग का प्रयास, 2-1-4 के तहत खिलाड़ियों को उकसाना, 2-4-4 के तहत जांच में असहयोग और 2-4-2 के तहत भ्रष्ट अप्रोच की जानकारी न देना शामिल है।

ग्रिफिथ पर आईसीसी आर्टिकल 2-4-7 के तहत जांच में बाधा और सबूत छिपाने का आरोप है।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### BCCI ने अभ्यास सत्र के नए दिशा निर्देश जारी किए

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग में अभ्यास सत्र के लिए नये दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकती जिसका इस्तेमाल दूसरी टीम ने अपने नेट सत्र के दौरान किया हो। बीसीसीआई की ओर से फ्रेंचाइजी के साथ साझा की गई प्रैक्टिस-सेशन गाइडलाइंस के अनुसार, अगर एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो नए नेट तैयार करने होंगे। पांच पेज की गाइडलाइंस में कहा गया है, ष्हर टीम को उनके तय प्रैक्टिस सेशन के लिए नए नेट दिए जाने चाहिए। अगर एक साथ प्रैक्टिस सेशन होते हैं या जब एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है।

### क्रिकेट के मैदान पर चैलेंज लेना पसंद है : जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्वकप जीताने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्हें हमेशा चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां लेना पसंद रहा है और यही वजह है कि उन्होंने क्रिकेट को चुना। उन्होंने कहा कि टीम के लिए कुछ अलग करना उन्हें बहुत खुशी देता है और 'इससे बेहतर कोई एहसास नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से साझा किये गये एक वीडियों में बुमराह ने कहा कि मैं कभी पीछे नहीं छिपना चाहता, मैं चीजो के बीच रहना चाहता हूं। मैं हमेशा एक मुश्किल काम करना चाहता था। मैंने क्रिकेट उसी के लिए खेला, मैंने क्रिकेट उसी के लिए शुरू किया। जब मैं कुछ अलग कर पाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है, इससे बेहतर कोई एहसास नहीं हो सकता। मैंने अपना क्रिकेट अहमदाबाद शुरू किया, मैंने अपना सारा क्रिकेट यहीं खेला।

# थॉमस ने 13 विकेट लेकर टीम को जिताया

● थॉमस ओ कॉनर ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में सात विकेट व दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए

**ओवल, वार्ता।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज थॉमस ओ' कॉनर ने गुरुवार को खत्म हुए चार दिन के प्लुनकेट शिलेड टूर्नामेंट के छठे चरण में ब्रेट रैंडेल के पांच गेंद में पांच विकेट के बाद दूसरा शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 विकेट झटक कर अपनी टीम ओटागो को जीत दिलाई।

थॉमस ने ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में 58 रन देकर सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए और अपनी टीम को ईडन पार्क आउटर ओवल में तीन दिन के अंदर अहम जीत दिलाई। थॉमस पूर्व ब्लैक कैप शायन ओ' कॉनर के 21 साल के बेटे हैं, जिन्होंने 1998-99 में 122 रन देकर 12 विकेट लिए थे। थॉमस के पहली पारी में 58 रन देकर 7 विकेट लेना, प्लंकेट शील्ड में ओटागो के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इससे पहले नील वैगनर ने 2011-12 में डुनेडिन में वेलिंगटन के खिलाफ 46 रन देकर सात विकेट लिए थे। थॉमस का मैच एनालिसिस 1989-90 के बाद ओटागो के लिए सबसे अच्छा है और प्लंकेट शील्ड में टीम के लिए कुल मिलाकर सातवां सबसे अच्छा प्रदर्शन है।



इस दौरान, थॉमस ने परिवार का इतिहास फिर से लिखा और 1998-99 में शाइन के करियर के सबसे अच्छे प्रथम श्रेणी आंकड़ों, 122 रन देकर 12 विकेट को पीछे छोड़ दिया। थॉमस एक नए खिलाड़ी हैं। उनका एक्शन और इनस्विंग कराने की काबिलियत, खासकर, शाइन से काफी मिलती-जुलती है। उन हूपिग इनस्विगर में से एक ने पहली इनिग में ऑकलैंड के नंबर तीन हरीश कन्नन को आउट कर दिया था। थॉमस ने दाएं हाथ के बल्लेबाज के खिलाफ भी इनस्विगर का इस्तेमाल किया।

# भारतीय महिला टीम का ध्यान खिताब जीतने पर

● भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफ्ऊरेंस के साथ शीर्ष पर है

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआई एच हॉकी महिला विश्वकप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम घरेलू दर्शकों के सामने इटली के खिलाफ शुक्रवार को सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के खिताब की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी। भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफरेंस के साथ शीर्ष पर है।

मेजबान टीम ने पूल स्टेज में दो जीत और एक ड्रॉ दर्ज किया। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत उरुग्वे के खिलाफ 4-0 की जबरदस्त जीत के साथ की। अपने दूसरे मैच में, उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 2-2 से करीबी मुकाबला ड्रॉ खेला और फिर वेल्स पर 4-1 की आसान जीत के साथ ग्रुप स्टेज खत्म किया।

पूल स्टेज में शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने टूर्नामेंट के नियम के तहत एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपना क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया, जिसके तहत दो क्वालिफाइंग इवेंट्स में चौथे नंबर पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को वर्ल्ड कप में जगह मिलती है।

क्वालिफायर्स का सैंटियागो लेग पहले खत्म हो गया था, जहां चिली, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड ने तीन डायरेक्ट क्वालिफिकेशन स्पॉट हासिल किए थे। जापान सैंटियागो में चौथे नंबर पर रहा और अभी दुनिया में 15वें नंबर पर है। दुनिया भर नौवें नंबर की टीम



मेजबान भारत ने कम से कम यह पक्का कर लिया है कि वे दोनों टूर्नामेंट्स में सबसे ऊंची रैंक वाली चौथी टीम के तौर पर खत्म करेंगे, जिससे विश्व कप के लिए उनका टिकट पक्का हो गया है।

अब उसका मकसद अपनी लय बनाए रखते हुए फाइनल में जगह बनाने पर होगा। फाइनल में भारत का मुकाबला इटली से होगा। इटली पूल ए में चार अंक के साथ दूसरे नंबर पर रहा है, जिसने एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है, जिससे मेजबान टीम को सेमीफाइनल से पहले थोड़ी साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। भारत की फॉरवर्ड नवनीत कौर के शानदार फॉर्म को भी आगे बढ़ाना चाहेगा, जो अभी चार गोल के साथ टूर्नामेंट की संयुक्त शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण का नई दिल्ली में होगा आगाज

SJFI SPORTS JOURNALISTS' FEDERATION OF INDIA GOLDEN JUBILEE ★ 1976 - 2026 ★

● डीएसजेए की मेजबानी में होने वाली चार दिवसीय यह सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन का स्वर्ण जयंती संस्करण 13 मार्च से नई दिल्ली में शुरू होगा।

दो दशक से अधिक समय बाद यह प्रतिष्ठित आयोजन एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रहा है। दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) की मेजबानी में होने वाला यह चार दिवसीय सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा, जहां 50 वर्षों की यात्रा को केंद्र में रखते हुए विचार-विमर्श, प्रतियोगिताएं और उत्सव आयोजित किए जाएंगे। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता प्राप्त और उससे संब( एसजेएफआई ने पिछले पांच दशकों में भारत में खेल पत्रका. रिता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2026 का यह कन्वेंशन इस विरासत का जश्न मनाने के साथ-साथ डिजिटल, ब्रॉडकास्ट और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिग के दौर में खेल पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर भी दृष्टि डालेगा।

चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में पेशेवर संवाद के साथ-साथ खेल गतिविधियां और नेटवर्किंग के अवसर भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में एक प्रमुख स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, तथा परिवारों और युवा प्रतिभागियों के लिए मॉडर्न पायथियन गेम्स और रेड बुल द्वारा इंटरएक्टिव गेमिग जोन जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा बास्केटबॉल, फुटसल और गोल्फ पटिग प्रतियोगिताएं भी कन्वेंशन कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। स्वर्ण जयंती संस्करण को कॉरपोरेट और खेल जगत के कई साझेदारों का मजबूत समर्थन मिला है, जो इस आयोजन के महत्व और व्यापकता को दर्शाता है। हीरो मोटोकॉर्प इस कन्वेंशन का टाइटल स्पॉन्सर है, जबकि आयोजन अपोलो टायर्स द्वारा पावर्ड है। अन्य साझेदारों में टीसीएम स्पोर्ट्स, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, पंजाब किग्स, दिल्ली कैपिटल्स, डीडीसीए, जिदल स्टील, राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, क्राफ्टन, स्वयम, आरपीएल, पीईएफआई, एसजी स्पोर्ट्स, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस कंसल्टिग, मॉडर्न पायथियन गेम्स, जेके टायर, डीडीए, आर्टस्मिथ कॉन्सेप्ट्स एंड विजन, एडिमेजेस, आभा वाटर, विडा और ईएसजीएफ शामिल हैं। इस कन्वेंशन को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ का भी समर्थन प्राप्त है, जो भारतीय खेल परिदृश्य में इस आयोजन के महत्व को दर्शाता है।

डीएसजेए के सचिव सबी हुसैन ने कहा कि एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण की मेजबानी करना दिल्ली के खेल मीडिया समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। यह देशभर के खेल पत्रकारों को एक साथ लाने का अवसर है, जहां हम अपने पेशे की यात्रा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत में खेल पत्रकारिता के भविष्य पर सार्थक चर्चा होगी।

# किरण जॉर्ज ने कीन यू को हराया

● ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने किया उलटफेर

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं मिश्रित युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी ने उलटफेर करते हुए डेनमार्क के सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड की जोड़ी को हरा दिया।

सेंट जैकबशेल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में बैडमिटन रैंकिग में 42वें नंबर पर काबिज किरण जॉर्ज ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने पहले राउंड के मैच में 41 मिनट में दुनिया के 11वें नंबर के और तीसरे सीडेड खिलाड़ी को 23-21, 21-19 के स्कोर से हराया। अगले दौर में, 26 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी का सामना हांगकांग चीन के जेसन गुनावान से होगा, जिन्होंने अपने पहले मैच में दुनिया के पूर्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को 21-15, 12-21, 4-21 से हराकर बाहर कर दिया था। एचएस प्रणय भी बाहर हो गए क्योंकि उन्होंने कोकी वतनबे के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच से पहले नाम वापस ले लिया, जिससे जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी को वॉकओवर मिल गया। उलटफेर में, जापान के केंटा निशिमोटो को अपने पहले राउंड के मैच से चोट के कारण रिटायर होना पड़ा, जिससे भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली को अगले राउंड में जाने का मौका मिला। दुनिया में 43वें रैंक वाले मन्नेपल्ली 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवें सीडेड निशिमोटो कंधे की दिक्कत के कारण रिटायर हो गए। 24 साल के भारतीय शटलर का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने भी अपने पहले मैच में डेनमार्क के चौथी सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड को 21-15, 21-14 से हराकर उलटफेर किया। हालांकि, पिछले साल के यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा समेत कई भारतीय खिलाड़ी पहले राउंड में ही बाहर हो गए। पुरुषों के एकल में, आयुष शेट्टी कनाडा के ब्रायन यांग से 21-18, 21-19 से हार गए, जबकि महिला एकल में चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान ने उन्नति हुड्डा को 21-14, 21-14 से हराया। मालविका बंसोड़ भी थाईलैंड की दुनिया की नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-11, 21-15 से हार गईं। इस बीच, तन्वी शर्मा इंडोनेशिया की टॉप सीड पुत्री कुसुमा वर्दानी से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-10 से हार गईं। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे को थाईलैंड हारना पड़ा।

# एमएसजी के लिए ऋचा एसएल के लिए खेलेंगी दीप्ति





● ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा, जबकि दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस 34 लाख में टीम में शामिल किया

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट विमेंस हंड्रेड में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए खेलेंगी।

विमेंस हंड्रेड की पहली नीलामी में न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। दोनों को लगभग 2-3 करोड़ रुपये मिले। डिवाइन को वेल्श फायर ने अपने साथ जोड़ा, जबकि मूनी के लिए ट्रेंट रॉकेट्स ने सबसे बड़ी बोली लगाई। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा। तथा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस, लगभग 34 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी सीमित रही, लेकिन कुछ नामों के लिए दिलचस्पी जरूर दिखाई दी। ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने अपने साथ जोड़कर मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की कोशिश की है। दूसरी ओर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए अहम ऑलराउंड विकल्प बन सकती हैं। उनकी स्पिन गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी टीम को संतुलन देती है। हालांकि नीलामी के दौरान कुछ भारतीय खिलाड़ियों के लिए किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। इनमें स्पिन गेंदबाज एन श्री चरणी और विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया शामिल रहीं, जो इस बार अनसोल्ड रहीं।

नीलामी शुरू होने से पहले ही कई भारतीय खिलाड़ियों को प्री ऑक्शन साइनिग और रिटेंशन के जरिए टीमों ने अपने साथ जोड़ लिया था। भारतीय कप्तान स्मृति मांधना मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगी। जेमिमाह रोड्रिग्स को सदर्न ब्रेव ने प्री ऑक्शन साइनिग के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है। इस साल टूर्नामेंट के रिक्रूटमेंट मॉडल में बड़ा बदलाव किया गया है। शुरुआत से चले आ रहे ड्राफ्ट प्रणाली की जगह पहली बार नीलामी आयोजित की गई।

# कर्नाटक विशेषज्ञ समिति करेगी चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण



**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति के 13 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण के बाद मिलने वाली अंतिम मंजूरी के उपरांत इस मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच खेले जा सकेंगे।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में आईपीएल सहित सभी मैचों के आयोजन के लिए जो मंजूरी दी गई थी, वह 'सशर्त' थी। हालांकि कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को भरोसा है कि आईपीएल मैचों की मेजबा. नी में कोई रुकावट नहीं आएगी। केएससीए, चिन्नास्वामी स्टेडियम का नवीनीकरण कर रहा है, जिसमें कई नए एंट्री गेट लगाना और कई मौजूदा गेटों को चौड़ा कराना शामिल है। इस काम में आसपास के ढांचे को भी अपग्रेड किया जा रहा है, जैसे- नए वॉकवे बनाना, पुराने नेशनल क्रिकेट एकेडमी परिसर के पास एक होल्डिग एरिया बनाना और आपातकालीन सेवाओं के लिए सीधे प्रवेश और निकास रास्ते तैयार करना शामिल है। जस्टिस डी' कुन्हा समिति की सिफारिशों के अनुसार केएससीए के पास 15 मार्च तक इस 'शॉर्ट-टर्म' सुधार से जुड़े सभी काम पूरे करने का समय है। यह समिति उस भगदड़ के बाद बनाई गई थी, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल 2025 जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई थी। समिति के गठन के बाद इस समिति ने स्टेडियम की सुरक्षा और ढांचे की पूरी जांच की थी। स्टेडियम के अपग्रेड का काम दिसम्बर के मध्य में केएससीए चुनावों के बाद शुरू हुआ, जिसमें भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद अध्यक्ष चुने गए थे। प्रसाद की टीम अपग्रेडेशन से जुड़ी कई प्रक्रियात्मक मामलों पर सरकारी अधिकारियों के संपर्क में रही है।

**रमजान मुबारक**



**चौबीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.09 |
| | शिया | 5.01 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.28 |
| | शिया | 6.41 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# कमिश्नर ने किया टीकाकरण बूथ का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान के अजमेर से इस वैक्सीन का शुभारंभ किया गया था। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि एचपीवी टीका महिलाओं में कैंसर से बचाव करने वाला महत्वपूर्ण टीका है। भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में कैंसर और मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण है, इसलिए किशोरियों का टीकाकरण बेहद जरूरी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जाएगा। यह टीका फिलहाल जिला महिला चिकित्सालय में प्रतिदिन नि:शुल्क लगाया जा रहा है और जल्द ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर आयुक्त ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा मिल सके। कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. इंदिरा सिंह, डॉ. नवदीप गुप्ता, डॉ. संजय यादव, डॉ. मनदीप सिंह, डॉ. कुनाल जैन आदि मौजूद रहे।




# उत्कृष्ट निर्यात प्रदर्शन में बी आर आर एक्सपोर्ट को मिला प्रथम पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य निर्यात पुरस्कार वितरण समारोह में सहारनपुर की निर्यातक कंपनी बी आर आर एक्सपोर्ट को काष्ठ के कलात्मक उत्पाद श्रेणी में उत्कृष्ट निर्यात प्रदर्शन हेतु प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित समारोह में निर्यातक गुलफाम अहमद को यह प्रतिष्ठित सम्मान औद्योगिक विकास व निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदीप द्वारा प्रदान किया गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुलफाम अहमद ने इस उपलब्धि का श्रेय सहारनपुर के कुशल कारीगरों, कर्मचारियों एवं सभी सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सहारनपुर की पारंपरिक काष्ठ कला की उत्कृष्टता तथा कारीगरों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी भविष्य में भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय हस्तशिल्प एवं सहारनपुर की काष्ठ कला को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।



# शिविर में 300 से अधिक कर्मचारियों की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. लाल पाथलैब्स द्वारा लगाये गये विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से ज्यादा कर्मचारियों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई गईं। डॉ लाल पाथलैब्स की विशेषज्ञ टीम द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से सभी जांचें सावधानीपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई गईं। आईआईए चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र/खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, यूपीसीडा/आयुष विभाग कन्वीनर शिवम गोयल तथा डॉ लाल पाथलैब्स की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. के.धवन, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा, पूर्व चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, जिला उद्योग बंधु कन्वीनर सुनील सैनी, रजत मित्तल, डी.के. बंसल सहित अनेक उद्यमियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



## तस्कर गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक आरोपी स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने गस्त तथा चौकिंग के दौरान एक शातिर आरोपी नशा तस्कर मुकेश पुत्र दलमीरा निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को कच्चा पक्का रास्ता दुमझेडा रोड से नल्हेडा की ओर जाने वाले रोड पर गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व से भी यूपी व हरियाणा राज्य के अलग अलग थानों पर लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज है।

# नाला, सीवर, सफाई व स्ट्रीट लाईट दुरूस्त कराने की मांग

## पार्षदों के साथ नगर आयुक्त व मेयर से मिले काजी नदीम अख्तर व मौलवी फरीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद से पहले ईदगाह और जामा मस्जिद की समस्याओं को लेकर शहर काजी नदीम अख्तर व जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद उलेमा और पार्षदों के साथ नगर आयुक्त व मेयर से मिले। उन्होंने नाला, सीवर, सफाई और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने की मांग की।

शहर काजी नदीम अख्तर ने बताया कि ईदगाह की दीवार के पास नाले से गंदा पानी अंदर आ रहा है, इसलिए नाले को आरसीसी बनवाने और नियमित सफाई कराने की आवश्यकता है। जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद ने नया बाजार क्षेत्र में जामा मस्जिद के पास सीवर लाइन खोलने और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग रखी। पार्षद व कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर ने सुझाव दिया कि थाना कुतुबशेर से पुल कंबोह होते हुए खाता खेड़ी तक मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट पोल पर ईद से पहले तिरंगा लाइट लगवाई जाए तथा वार्ड में बंद पड़ी करीब 70 स्ट्रीट लाइटों को चालू कराया जाए। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने निर्माण, हेल्थ, जल विभाग और स्ट्रीट लाइट के अधिकारियों को बुलाकर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान पार्षद समीर अंसारी, रईस पप्पू, ईदगाह मैनेजर शाहिद जुबैरी, मजाहिर उलूम मदरसा से मौलाना अहमद, पार्षद जफर अंसारी, पार्षद गुलजेब खान, पार्षद इजहार मंसूरी, पार्षद आसिफ अंसारी और पार्षद महमूद हसन आदि मौजूद रहे।



# शासन की गाइड लाइन का पालन करें: काजी नदीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर काजी नदीम अख्तर ने नमाजियों से अलविदा जुमा एवं ईद-उल-फितर के अवसर पर नमाज अदा करते समय शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।



काजी नदीम अख्तर ने कहा कि सभी नमाजी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द की परंपरा को बनाए रखते हुए नमाज केवल निर्धारित स्थानों, मस्जिदों एवं ईदगाहों में ही अदा करें। सड़क, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा करने से बचें, ताकि आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो तथा जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बना रहे। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें तथा त्योहार को शांति, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान के साथ मनाएं। सभी लोग आपसी सद्भाव एवं भाईचारे की भावना के साथ त्योहार की गरिमा को बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करते हुए जनपद में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# 50 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। राज्य मुख्यालय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार के निर्देशानुसार जनपद में विश्व श्रवण दिवस 2026 मनाया गया। इस अवसर पर टीबी सेनिटोरियम हॉल, सहारनपुर में नि:शुल्क श्रवण जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की सूची के आधार पर 10 स्कूली बच्चों सहित 40 दिव्यांग लाभार्थियों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए। मंडलायुक्त ने बच्चों को कानों की सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कान में पानी जाने से बचें, गंदे पानी में नहाने से परहेज करें तथा कान में किसी भी प्रकार की वस्तु न डालें। शिविर में ईएनटी सर्जन डॉ. अमित गुप्ता, श्रवण परीक्षण विशेषज्ञ आशीष भारद्वाज तथा सहायक विशाल कुमार ने मरीजों के कान से संबंधित रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि आजकल ध्वनि प्रदूषण और कान में लगाए जाने वाले संगीत उपकरणों का अत्यधिक उपयोग सुनने की क्षमता को प्रभावित कर रहा है। यदि किसी व्यक्ति या बच्चे के कान से मवाद आता है तो कान में पानी या किसी प्रकार का तरल पदार्थ न डालें और तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने बताया कि कान से संबंधित किसी भी समस्या के लिए जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर-7 में जांच कराई जा सकती है। जिला नोडल अधिकारी (एनसीडी) श्रीमती शिवांका गौड़ ने कहा कि सुनने की क्षमता को सुरक्षित रखने के लिए तेज आवाज से बचना, नियमित कान की सफाई, समय-समय पर श्रवण जांच और संतुलित आहार लेना आवश्यक है। कान में दर्द या सुनने में कमी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।




# 15 वें स्थान पर पहुंची कवियित्री मोनिका की पुस्तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कवयित्री मोनिका अरोड़ा की नई कविता पुस्तक "द मून एंड इट्स स्कार्स" ने अमेजॉन की पोएट्री बेस्टसेलर सूची में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब 15वें स्थान तक पहुँचकर एक और उपलब्धि हासिल की है। खास बात यह है कि यह किताब बहुत ही कम समय में तेजी से आगे बढ़ती हुई इस स्थान तक पहुँची है।

इससे पहले उनकी पुस्तक "प्रेम से प्रेम तक" भी अमेजॉन बेस्टसेलर सूची में 17वें स्थान तक पहुँची थी और पाठकों के बीच काफी सराही गई थी। मोनिका अरोड़ा की कविताएँ संवेदनाओं, आत्ममंथन और जीवन के गहरे अनुभवों को सादगी और प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत करती हैं।







## उत्तराखंड पुलिस ने दबोचा धोखाधड़ी का आरोपी

**तीतरों।** ट्रैक्टर किराए पर लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में उत्तराखंड पुलिस एक आरोपी को उठा कर ले गई।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र गांव निवासी एक व्यक्ति तथा गंगोह थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने फर्जी फर्म बना रखी थी। जिसके आधार पर यह उत्तराखंड के ग्रामीणों से उनके ट्रैक्टर किराए पर लेते थे। काफी दिनों के बाद जब ग्रामीणों को उनके ट्रैक्टरों का अता-पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को शिकायत की।उत्तराखंड पुलिस को दोनों के नाम और पते जानकारी करने के बाद पता चला कि दोनों ने फर्जी फर्म बनाकर ग्रामीणों को धोखा दिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने थाने में आमद कर क्षेत्र गांव निवासी एक व्यक्ति को उठा लिया।

# ओलम्पियाड में महिमा, आर्यन व प्रियांशु रहे प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकासखंड स्तरीय विज्ञान ओलम्पियाड में महिमा, आर्यन, प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बीआरसी मवीकला में आयोजित प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तरीय विजेता 90 छात्र छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया जिसमें कक्षा 6 से महिमा यूपीएस लाखनौर प्रथम स्थान समध यूपी एस घोघरेकी द्वितीय स्थान फातिमा, यूपीएससी चुनैटीगाडढा तृतीय स्थान कक्षा 7 मे आर्यन यूपीएस छिदबना से प्रथम स्थान गुंजन, यूपीएस पुंडैन से द्वितीय स्थान और साजिया यूपीएस घोघरेकी से तृतीय स्थान कक्षा 8 से प्रियांशु यूपीएस, मल्हीपुर से प्रथम स्थान अंजुलि यूपीएस, रंगेल द्वितीय स्थान और शेखर यूपीएस मलिपुर से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक श्रेणी में सफल छात्रों को विकासखंड स्तर पर चयनित किया गया जिन्हें एक समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। परीक्षा को विद्यालय स्तर से विकासखंड स्तर तक कुशलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी द्वारा समस्त तंच टीम एवं अध्यापको को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



**शत प्रतिशत रहा रिजल्ट: गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का घोषित परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने बताया कि स्कूल टॉपर्स में सार्थक सैनी 99.35, मानवी 98.91 तथा युगम 98.66 प्रतिशत अंक पाकर क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। जबकि अपनी अपनी कक्षाओं प्ले में विशुद्ध, नर्सरी में मानवी, एलकेजी में नव्या, यूकेजी में समर, कक्षा एक में पीहू, द्वितीय ए में शीवी, द्वितीय 'बी' में अक्षय, तृतीय में दिव्यांश, चतुर्थ 'ए' में हिमांशु, चतुर्थ 'बी' में शौर्य, पंचम 'ए' में आयुष कल्याण, पंचम 'बी' में आरव, षष्ठ 'ए' में रबजोत, षष्ठ 'बी' में अर्शी, सप्तम में अक्षी, अष्टम में सार्थक सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।







# चुनौतियों को सफलता में बदलने की यात्रा की साझा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में एक अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान "टर्निंग एडवर्सिटी इनटू अचीवमेंट: द पावर ऑफ डिटरमिनेशन" में यूनाइटेड किंगडम की प्रसिद्ध वक्ता एवं लंदन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट की सीईओ डॉ. पारिन सोमानी ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत साइंस एंड टेक्नोलॉजी स्कूल की लेक्चरर, फातिमा परवीन अकील के उद्घाटन संबोधन से हुई। इसके पश्चात अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति, अकादमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष ने स्वागत संबोधन देते हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नाजिया खघन ने मुख्य वक्ता डॉ. परीन सोमानी का परिचय कराया। तत्पश्चात डॉ. परीन सोमानी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर जीवन की चुनौतियों को सफलता में बदलने की प्रेरक यात्रा साझा की।

अपने व्याख्यान में उन्होंने व्यक्तिगत दृढ़ता, असफलताओं और चुनौतियों का प्रबंधन, प्रतिस्पर्धी करियर में मानसिक मजबूती, वैश्विक नेताओं की सफलता की आदतें तथा आत्मविश्वास और आत्म-विश्वास विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उनके विचारों से उपस्थित छात्र-छात्राएं और शिक्षक अत्यंत प्रेरित हुए।

कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मुख्य वक्ता से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे और महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।














शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

**शुक्रवार, 13 मार्च 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

## भारत को राहत

ईरान-अमेरिकी युद्ध के 13वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें कहा गया कि ईरान हॉर्मुज जलडमरू मध्य से भारतीय विमानों को गुजरने के लिए मंजूरी मिल गई है। यह सब भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद देखने में आया है। बताया जा रहा है कि इस वार्ता के बाद दो भारतीय टैंकर पुष्पा और परिमल सुरक्षित रूप से उस जल मार्ग से गुजर रहे हैं। निश्चित रूप से यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि इसी रास्ते से भारत का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार इसी मार्ग से होता है और ईरान ने इसे एक रणनीति के तहत बंद किया हुआ है। ईरान के अनुसार इस रास्ते से केवल वही जहाज गुजर सकते हैं, जो उसके सहयोगी देशों के हैं। जाहिर है अगर हमारे जहाज नहीं गुजर रहे थे, तो कहीं न कहीं इसका मतलब यह भी हो सकता है कि ईरान हमारा सहयोगी देश नहीं रहा। जबकि कुछ वर्षों पहले तक ही हमारे मित्र देशों की श्रेणी में था। विपक्ष इसी बात को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है और कह रहा है कि अगर आज भारत में ऊर्जा का संकट खड़ा हुआ है तो यह भारत की विदेश नीति का फेल्योर है। भारत सरकार ऐसा नहीं मानती। उसके अनुसार भारत में फिल्हाल पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है और एलपीजी की भी सप्लाई पर भारत सरकार विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन विपक्ष सरकार के तर्कों से सहमत नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार को एलपीजी को लेकर घेरते दिखाई दिए और उन्होंने जानना चाहा कि सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है, क्योंकि उनकी नजर में सरकार कुछ भी कहे कोई भी दावा करे लेकिन वास्तविकता के धरातल पर पब्लिक में मारामारी है और एलपीजी लेने के लिए लोगों की लाइनें लगी हुई हैं। कई जगह से तो मारपीट की खबरें आ चुकी हैं, जोकि गंभीर मामला है। यह तो शुरुआती दौर है अगर यही स्थिति कुछ दिन और बनी रही, जैसीकि आशंका दिखाई दे रही है, तो हालात कितने भयावह हो सकते हैं, कोई भी इसका अंदाजा लगा सकता है। अमेरिका और ईरान जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं और अपने स्टैंड पर अड़े हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मुस्तफा खामेनेई ने अपने पहले बयान में अमेरिका को सीधे कह डाला कि यह युद्ध तभी रुक सकता है जब अमेरिका युद्ध के खर्चे की भरपाई करे। सरकार बदलने का अलाप छोड़े और भविष्य में कभी भी उस पर युद्ध थोंपने की जुर्रत न करे। जहां तक बात अमेरिका की है, उसके राष्ट्रपति की अजीब स्थिति बनी हुई है, वह लगातार बयान बदलते रहते हैं। उनके अनुसार ईरान में उनके तमाम लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। जाहिर है, ईरान अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ही इस युद्ध की आंच में झुलसती दिखाई दे रही है।

### बहुत हुई मन की बात



देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं, देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं, कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं, कूटनीति की विफलता, गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है, नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई मन की बात जरा संसद में आकर करिए 'मुद्दे की बात।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## सावरकर मानहानि मामले में बरी राहुल ने फिर दिखाई संवेदनशीलता





**रोहित कौशिक**

> जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं।

एक तरफ राहुल गांधी के एक कारनामे ने उन्हें फिर चर्चा में ला दिया तो दूसरी तरफ नासिक में सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत मिल गई। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ले ली व अदालत ने इस मामले की कार्रवाई समाप्त कर दी। इस मामले में कोई ठोस तथ्य दिखाई नहीं दिए और पुलिस जांच में आरोपों की सत्यता साबित नहीं हुई। अदालत का यह फैसला दिखाता है कि राहुल गांधी को फंसाने की कितनी कोशिशें की जा रही हैं।

बुधवार 11 मार्च को यह फैसला आया लेकिन इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार 10 मार्च को राहुल गांधी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक कारनामा कर दिया। इसे कारनामा भी क्यों कहा जाए ? इसे सामाजिक जिम्मेदारी कहा जाना चाहिए। तो यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई और वे एक बार फिर चर्चा में आ गए। वही राहुल गांधी जिन्हे यह देश अभी समझ नहीं सका है लेकिन वे इस देश को समझने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वही राहुल गांधी जिनकी आवाज सुनकर सत्ता तिलमिला जाती है, सत्ता गुस्से में आग-बबूला हो जाती है। वही राहुल गांधी जिन्हें भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है। वही राहुल गांधी जिन्हें पप्पू साबित करने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए। वही राहुल गांधी जिन पर रोज यह इल्जाम लगाया जाता है कि उन्हें न देश की समझ है और न राजनीति की। वही राहुल गांधी जिन्हे बार-बार बच्चा साबित किया जाता है लेकिन उसी बच्चे से यह सत्ता सबसे ज्यादा डरती है। वही राहुल गांधी जो माननीय और प्रात:स्मरणीय प्रधानमंत्री जी की तरह टेलीप्रॉम्पटर से पढ़कर अपने भाषण नहीं देते हैं। वही राहुल गांधी जो एक तरह की पेंट और टीशर्ट पहनकर में संसद भी जाते हैं और उसी तरह की पेंट और टीशर्ट में पूरा भारत भी घूम लेते हैं। वही राहुल गांधी जो माननीय प्रधानमंत्री जी की तरह लाखों का सूट नहीं पहनते हैं। उन्हीं राहुल गांधी ने अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी से कई लोगों के दिल जीत लिए। आप मुझे कहेंगे कि मैं राहुल गांधी की स्तुति कर रहा हूं। लेकिन जब आप प्रधानमंत्री जी की स्तुति करते हैं तब तो मैं कुछ नहीं कहता। नेता प्रतिपक्ष की स्तुति करके मुझे क्या मिलेगा ? मैं तो राहुल गांधी की एक सामाजिक जिम्मेदारी की बात बता रहा हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार 10 मार्च को सोनीपत के मदीना गांव में किसान संजय मलिक की बेटी तनु की शादी में शामिल होने पहुंचे। यह वही किसान संजय मलिक हैं जिनके खेत में राहुल गांधी ने तीन साल पहले ट्रैक्टर चलाकर धान रोपाई की थी। राहुल गांधी यहां एक घंटे तक रुके। उन्होंने यहां दूध के साथ चूरमा भी खाया और मिस्सी रोटी भी खाई। महिलाओं के गीत सुने। राहुल ने किसान संजय मलिक की बेटी तनु की प्रियंका गांधी से मोबाइल पर बात भी कराई। तनु ने राहुल गांधी से कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबानी के बेटे की शादी में गए थे। बड़े लोगों की शादी में जाते हैं, आप गरीब के घर शादी में आए। कभी देखा नहीं ऐसा। इस पर राहुल ने कहा कि वहां पर ऐसा मजा नहीं आता। मजा तो यहां पर है। राहुल गांधी के इस व्यवहार को नाटक बताने वाले भी कम नहीं है। लेकिन हमेशा नफरत की राजनीति करने वाले ऐसे लोग अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश नहीं करते हैं। जो लोग स्वयं नाटक करते हैं वे हमेशा ही यह समझते हैं कि दूसरे भी नाटक कर रहे हैं। लेकिन एक राजनेता का आम आदमी के साथ जुड़ाव रखने का भाव नाटक नहीं हो सकता। यही होती है असली नेता की पहचान। राहुल गांधी ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। वह कभी मोची से मिलते हैं तो कभी बढ़ई से। क्या भारत जोड़ो यात्रा को नाटक कहा जा सकता है। हमारे देश में ऐसी यात्राएं कितनी हुई हैं ? सड़क नापते राहुल गांधी कई लोगों को अच्छे नहीं लग सकते लेकिन उनकी भावनाओं को नकली नहीं कहा जा सकता।

जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस दौर में अधिकांश राजनेताओं ने राजनीति को अपनी ठसक या हनका दिखाने का माध्यम बना लिया है। राहुल गांधी को भाजपा अक्सर युवराज कहकर संबोधित करती है। लेकिन इस युवराज ने अपने व्यवहार से यह दिखा दिया कि युवराज यदि सहज और सरल दिल का हो तो ऐसा युवराज लाखों का सूट पहनने वाले फकीर से ज्यादा अच्छा है। राजनीति अपनी जगह होती है। राजनीति में एक दूसरे के विरोधी विचारधारा वाले एक दूसरे के खिलाफ रहते ही है। लेकिन इस दौर की राजनीति को जितना गंदा बना दिया गया है उससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। भाजपा चाहती है कि राहुल गांधी समझौते की राजनीति कर चुप्पी साध लें लेकिन राहुल गांधी चुप्पी नहीं साध रहे हैं और लगातार सवाल उठा रहे हैं। राहुल का यह सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा है। इसलिए भाजपा पूरे गांधी परिवार को बदनाम करने के लिए पानी की तरह रूपया बहा रही है। भाजपा लगातार राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाती है लेकिन राहुल गांधी जो जो बात कह रहे हैं वे सभी पूरी हो रही है। क्या राहुल गांधी को देशद्रोही सिद्ध भाजपा लोकतंत्र का अपमान नहीं कर रही है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय

> **आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18. 36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है।**

एक घटना में स्लोवेनिया और वेनेजुएला अपने सभी हिमनद (ग्लेशियर) को खोने वाले पहले देश बन गए हैं। मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण हुई यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बड़े वैश्विक संकट की ओर संकेत देती है जिसकी चपेट में कई अन्य देश भी आ सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार वेनेजुएला अपने सभी हिमनदों को गंवाने वाला पहला देश हो सकता है। कुछ शोध अध्ययनों से तो पता चलता है कि शायद स्लोवेनिया तीस साल पहले इस त्रासदी से गुजर चुका था। हिमनद बर्फ की नदियां होती हैं। वास्तव में हिमनद की परिभाषा में यह शामिल है कि उसके बर्फ में गति होती हो और दरारें उपस्थिति हों, और दोनों ही स्लोवेनिया के ग्लेशियर के अवशेषों में दशकों से नदारद हैं। गौरतलब है कि हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन के सबसे नुमाया प्रभावों में से एक है। आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है जिसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। जलवायु विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार देश का आखिरी हिमनद ला कोरोना का क्षेत्रफल दिसंबर तक सिर्फ 0.02 वर्ग किमी। रह गया था। इस क्षति का वेनेजुएला पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, क्योंकि हिमनद पर्यावरण और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे एक राष्ट्रीय त्रासदी और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभावों और जलवायु सम्बंधित चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। इसी तरह, स्लोवेनिया के हिमनद, खास तौर पर स्कुटा और ट्रिग्लव, दशकों से घट रहे हैं। दोनों ही 20वीं सदी के अंत में 0.1 वर्ग किमी से छोटे रह गए थे। उनके छोटे आकार और कम ऊंचाई ने उन्हें जलवायु के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना दिया, जिसके कारण वे अंततरू गायब हो गए। इन देशों में हिमनदों के खत्म होने के असर कहीं ज्यादा हैं। इनकी पिघलती बर्फ समुद्र के स्तर को बढ़ाती है, जिससे दुनिया भर के तटीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं। हिमनदों का इस तरह से खात्मा अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के लिए भी एक चेतावनी है। हिमनदों को जल स्रोतों के तौर पर उपयोग करने वाले कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और बोलीविया जैसे देशों को हिमनदों के सिकुड़ने से गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। मेक्सिको का अंतिम हिमनद, ग्रान नॉर्टे भी विलुप्त होने की कगार पर हैय अनुमान है कि 2026 से 2033 के बीच यह अपना हिमनद दर्जा खो देगा तथा 2045 तक पूरी तरह लुप्त हो जाएगा। हिमनदों का इस तरह गायब होते जाना जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई का आव्हान है और तत्काल वैश्विक प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करता है।



**-स्रोत फीचर्स**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हथियारों का समय घातक

जानलेवा सैन्य हथियारों की स्वायत्तता इन दिनों गहन विचार मंथन और चर्चाओं के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान शुरू हुआ है। जुलाई 2023 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक मंथन किया गया था। विचार मंथन का दौर अभी थमा नहीं है। इसी साल के उत्तरार्द्ध में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर विभिन्न कोणों से नजर डालने के लिए बैठक होगी। लेकिन इस बैठक के पहले अप्रैल में ऑस्ट्रिया में एक सम्मेलन आयोजित हो चुका है।



कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की तुलना रासायनिक, जैविक और परमाणु हथियारों से की जाए तो यह हथियार खतरनाक होने के पैमाने पर एक कदम आगे निकल गए हैं। हाल के वर्षों में दुनिया की बड़ी सैन्य ताकतों ने जानलेवा स्वायत्त हथियारों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। यही मुद्दा विचार मंथन का विषय है। रक्षा वैज्ञानिक, विधिवेत्ता, रोबोट विज्ञान के अध्एता, सैन्य योजनाकार और नैतिकतावादी जानलेवा स्वायत्त हथियारों के विभिन्न मुद्दों पर बहस में जुट गए हैं। जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर प्रतिबंध के संदर्भ में नैतिक कारण भी अहम हैं। यह सवाल सहज रूप से किया जा सकता है कि युद्ध के मैदान में किसी भी अनैतिक गतिविधि के लिए एक मशीन को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? इस सवाल का कोई तर्क आधारित उत्तर किसी के पास नहीं है और यही कारण है कि इन हथियारों पर प्रतिबंध की मांग उठी है। नैतिक कारणों पर गंभीरता से गौर करें तो एक और बात जोड़ना लाजमी है। क्या किसी मशीन द्वारा जीवन और मृत्यु का फैसला करना नैतिक रूप से स्वीकार्य है? कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल पिछले कई दशकों से हो रहा है। इनमें हीट सीकिंग मिसाइलें और प्रेशर ट्रिगर बारूदी सुरंगें भी सम्मिलित हैं। हाल के वर्षों में चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और इस्राइल जैसे देशों ने युद्ध के मैदान में इन हथियारों की तैनाती को प्राथमिकता दी है। भारत ने स्वायत्त हथियारों पर अनुसंधान का समर्थन किया है।

सेना में कृत्रिम बुद्धि का इस्तेमाल जिन कुछ कार्यों के लिए किया जा सकता है, उनमें रसद और आपूर्ति प्रबंधन, डैटा विश्लेषण, खुफिया जानकारियां जुटाने, सायबर ऑपरेशन और हथियारों की स्वायत्त प्रणाली सम्मिलित है। इनमें सबसे ज्यादा विवादित हथियारों की स्वायत्त प्रणाली है।

**क्या हैं स्वायत्त हथियार**

इसके तहत वे हथियार आते हैं, जो अपने आप कार्य करने में सक्षम हैंय इन्हें मनुष्य की जरूरत नहीं पड़ती। इंटरनेशनल कमेटी ऑफ दी रेड क्रॉस की परिभाषा के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो मानवीय हस्तक्षेप के बिना लक्ष्य का चुनाव और इस्तेमाल करते हैं। वास्तव में स्वायत्त हथियार सेंसर और सॉफ्टवेयर से संचालित होते हैं। इनका इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहां बहुत कम आबादी होती है। दरअसल जानलेवा स्वायत्त हथियार अपने लक्ष्य की पहचान के लिए एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। हथियारों की यह प्रणाली प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर एक लघु ड्रोन के रूप में हो सकती है। इन हथियारों का लड़ाई के दौरान इस्तेमाल करने के कारण एक नया शब्द ईजाद किया गया है, जिसे लीथल ऑटोनामस वेपन कहा जा रहा है। इन हथियारों का इस्तेमाल जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक में किया जा सकता है, पानी पर अथवा पानी के नीचे भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों का विचार है कि जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। वस्तुतरू प्रौद्योगिकी हथियारों को रफ्तार, बचाव और अन्य प्रकार की विशेषताओं से युक्त और कारगर बनाने में भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी के प्रसंग में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के कंप्यूटर अध्यता और कृत्रिम बुद्धि से सृजित हथियारों के विरोधी स्टुअर्ट रसेल का सोचना है कि किसी सिस्टम के लिए इंसान का पता लगाकर उसे मारने की प्रौद्योगिकी क्षमता का विकास सेल्फ ड्राइविंग कार विकसित करने से कहीं अधिक आसान है। वास्तव में पूछा जाए तो यह हथियार अब विज्ञान कथाओं के काल्पनिक भवन से बाहर निकल कर वास्तविक रूप में लड़ाई के मैदान में नजर आ रहे हैं। इनका धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की जोरदार वकालत की गई है, वहीं दूसरी ओर इन्हें भारी विरोध और तीखी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। आलोचकों के अनुसार ए हथियार बहुत महंगे हैं। इनका रचनात्मकता से जरा भी सरोकार नहीं है। भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। जवाबदेही का सवाल ही नहीं उठता। एक अध्ययन में बताया गया है कि इन हथियारों के इस्तेमाल से बेरोजगारी बढ़ेगी। दूसरी ओर, ऐसे हथियारों की जोरदार वकालत कर रहे लोगों का कहना है कि यह अत्यधिक उन्नत कार्यों को सम्पादित करने में पूरी तरह सक्षम हैं। युद्ध के दौरान मनुष्य से होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी। यह त्वरित फैसला करने में सक्षम हैं। कुल मिलाकर, यह हथियार सटीक साबित हुए हैं और हर पल उपलब्ध हैं। इस प्रकार के हथियारों ने नए आविष्कारों और नवाचारों को भी जन्म देने में भूमिका निभाई है। पारम्परिक हथियारों की तुलना में इनसे कम नुकसान पहुंचता है, नागरिक कम हताहत होते हैं। हाल के वर्षों में छिड़े युद्धों में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। इसका एक उदाहरण रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई है, जिसमें एआई ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने अपने रेप्लिकेटर कार्यक्रम के तहत लघु हथियारयुक्त स्वायत्त वाहनों का बेड़ा तैयार किया है। इसके अलावा, प्रायोगिक पनडुब्बियां और जहाज बनाए हैं, जो स्वयं को चलाने के लिए कृत्रिम बुद्धि छवि का उपयोग कर सकते हैं। स्वायत्त हथियार एक मॉडल विमान के आकार का हो सकता है। इनका मूल्य लगभग पचास हजार डॉलर आंका गया है। स्वायत्त हथियार प्रणालियों का समर्थन दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, सैन्य स्तर पर फायदे और दूसरा, नैतिक औचित्य। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी का मानना है कि युद्ध क्षेत्रों से मनुष्यों को हटाकर रोबोट का इस्तेमाल करने के नैतिक फायदे हो सकते हैं। जुलाई 2015 में कृत्रिम बुद्धि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागी राष्ट्रों ने मानवीय नियंत्रण से परे स्वायत्त हथियारों पर रोक लगाने का आव्हान करते हुए एक खुला पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कृत्रिम बुद्धि में मानवता को फायदा पहुंचाने की क्षमताएं हैं, लेकिन अगर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों की स्पर्धा शुरू हो जाती है तो एआई की प्रतिष्ठा धूमिल पड़ सकती है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क भी शामिल हैं। दरअसल स्वायत्त हथियार प्रणालियों के कुछ विरोध न केवल उत्पादन और तैनाती बल्कि इन पर रिसर्च, विकास और परीक्षण पर भी पाबंदी लगाना चाहते हैं। रक्षा विज्ञान के दस्तावेजों में स्वायत्तता को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो स्वतंत्र रूप से लक्ष्यों का चुनाव और आक्रमण करने में सक्षम हैं। हारवर्ड लॉ स्कूल की मानव अधिकार अधिवक्ता बोनी डॉचेर्टी ने स्वायत्ता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है-ह्युमैन-इन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला में मानव शामिल) ह्युमैन-ऑन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला पर मानव) और तीसरा ह्युमैन-आउट-ऑफ-दी-लूप (मानव निर्णय श्रंखला के बाहर) हैं। निर्णय श्रंखला में मानव शामिल श्रेणी में हथियारों की कार्रवाई इंसान द्वारा की जाती है, लेकिन लोगों को कहां और कैसे सम्मिलित किया जाना चाहिए, यह विचार मंथन का मुद्दा है। निर्णय श्रंखला पर मानव में एक मनुष्य किसी कार्रवाई को रद्द कर सकता है। मानव निर्णय श्रंखला के बाहर श्रेणी में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। अनुसंधानकर्ताओं और सैन्य विज्ञान के जानकारों ने सैद्धांतिक तौर पर पहले प्रकार पर सहमति जाहिर की है।

**साभार स्रोत फीचर्स**

# ईरान ने यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को किया खारिज

■ अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताया

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने सुरक्षा परिषद की ओर से ईरान के खिलाफ पारित किए गए प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए अमीर-सईद इरावानी ने इस दस्तावेज को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता के लिए एक गंभीर झटका है। यह विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग छोड़ता है। राजदूत ने दावा किया कि यह कदम सुरक्षा परिषद के अधिकार का घोर दुरुपयोग है। इसका उद्देश्य कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है। अपने कड़े शब्दों वाले भाषण में, इरावानी ने दस्तावेज की पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है। तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। इरावानी ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत बताया।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका अभी नहीं गिरा पाएगा ईरान की सरकार

## ईरान में मौजूदा लीडरशिप का जनता पर पूरा कंट्रोल, जल्द ऑपरेशन खत्म कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रम्प



■ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में अहम खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रायटर्स को इसकी जानकारी दी है।

एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा। खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों के पहले ही दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था अभी भी एकजुट बनी हुई है। इजरायल के एक सीनियर अधिकारी ने भी रायटर्स से कहा कि सीक्रेट मीटिंग्स में भी यही बात निकल कर सामने आई है कि फिलहाल ईरान की मौजूदा सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जमीन पर हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं और आने वाले समय में ईरान के अंदर की स्थिति अलग दिशा में जा सकती है। अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, परमाणु ठिकाने और टॉप लीडरशिप से जुड़े लोग शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस युद्ध के अलग-अलग कारण बताए हैं। युद्ध शुरू करते समय ट्रम्प ने ईरान की जनता से कहा था कि वे अपनी सरकार को खुद बदल दें। हालांकि बाद में उनके सीनियर अधिकारियों ने कहा कि ईरान की सरकार को हटाना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं है। हमलों में खामेनेई के अलावा कई सीनियर अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के कई बड़े कमांडर भी मारे गए हैं। यह ईरान की एक शक्तिशाली पैरामिलिट्री फोर्स है, जो देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को कंट्रोल करती है। इसके बावजूद अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक खामेनेई और आईआरजीसी के अफसरों की मौत के बाद बना 'इंटरनल लीडरशिप सिस्टम' अभी भी देश पर कंट्रोल बनाए हुए है। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन की एक्सपर्ट सुजैन मलोनी ने कहा कि ईरान के अंदर फिलहाल ऐसी कोई ताकत नहीं है जो सरकार के पास बची हुई शक्ति को चुनौती दे सके। उनके मुताबिक ईरान भले ही अपने पड़ोसी देशों के खिलाफ पूरी ताकत इस्तेमाल न कर पाए, लेकिन देश के अंदर वह अभी भी पूरी तरह कंट्रोल बनाए रखने में सक्षम है। राजधानी तेहरान में सड़क पर बिलबोर्ड लगा है। इसमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई को देश का झंडा अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा खामेनेई को सौंपते हुए दिखाया गया है। सबसे बाएं इस्लामी क्रांति के संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्लाह खैमेनी की तस्वीर है। इस हफ्ते ईरान के सीनियर शिया धर्मगुरुओं की संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया है।

# युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया, तेल सप्लाई ठप होगी सोचा नहीं था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ, तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था।

उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल सप्लाई गुजरती है, लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वही अहम समुद्री रास्ता है जिससे होकर फारस की खाड़ी से निकलने वाले सभी जहाज गुजरते हैं।

ईरान की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डालर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रम्प प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना यह भी पता चलता है कि ट्रम्प और उनके सलाहकारों ने युद्ध पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया।



■ ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी भी इसको लेकर निराश, युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा

ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है। पिछले साल जून में हुई 12 दिन की युद्ध की तुलना में इस बार ईरान ने कहीं ज्यादा आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। उसने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, मिडिल ईस्ट के कई अरब देशों के शहरों और इजरायल के आबादी वाले इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन अटेक किए हैं। इन हमलों के कारण अमेरिकी अधिकारियों को कई प्लान तुरंत बदलने पड़े। कुछ जगहों पर दूतावास खाली कराने पड़े और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल करने के लिए नई पालिसी पर काम करना पड़ा। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने सांसदों को बंद कमरे में जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी प्रांत कनेक्टिकट के डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रशासन के पास होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा सुरक्षित तरीके से खोलने का कोई प्लान नहीं है। प्रशासन के अंदर भी कुछ अधिकारी इस बात को लेकर निराश हैं कि युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा है। हालांकि वे यह बात सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प से कहने से बच रहे हैं, क्योंकि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा है। ट्रम्प कई बार बहुत बड़े टारगेट की बात करते हैं। जैसे कि वे चाहते हैं कि ईरान में ऐसा नेता आए जो अमेरिका की बात माने। लेकिन विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ऐसी बात नहीं करते। पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा भी था कि अमेरिका, इराक में हाथ जला चुका है। वे ऐसा ईरान में नहीं करेगा। उनका कहना है कि ईरान की मिसाइल ताकत और सैन्य क्षमता को कमजोर करना ही असल मकसद है। अगर यह हो जाता है तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकल सकता है। हेगसेथ ने माना कि ईरान ने अपने पड़ोसी देशों पर जिस तरह से जोरदार जवाबी हमले किए, उसकी तीव्रता का अंदाजा पेंटागन को पूरी तरह नहीं था। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान की ये कार्रवाइयां आखिरकार उसी के खिलाफ जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ कहना मुश्किल है कि ईरान से बिल्कुल ऐसा ही जवाब आएगा, लेकिन इस तरह के हमले होने की संभावना पहले से थी। उनके मुताबिक ईरान के इन हमलों से लगता है कि वहां की सरकार इस समय काफी दबाव में है। इस बीच ट्रम्प ने यह भी कहा कि तेल की सप्लाई पर युद्ध के असर से वह नाराज हैं। उन्होंने फाक्स न्यूज से कहा कि तेल टैंकरों के क्रू मेंबर्स को 'थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए' और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते रहना चाहिए।

## हमारे द्वीपों पर हमला हुआ, तो खून से लाल होगी फारस की खाड़ीः ईरानी संसद अध्यक्ष

**दुबई।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा। यह चेतावनी ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तनाव को और बढ़ाने वाली है। यह स्पष्ट नहीं है कि कालिबाफ की यह टिप्पणी किस विशेष घटना से प्रेरित थी। हालांकि, यह बयान ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का संकेत देता है। ऐतिहासिक रूप से, ईरान 1971 में अपने गठन से पहले संयुक्त अरब अमीरात से तीन द्वीपों पर नियंत्रण रखता है। ये द्वीप फारस की खाड़ी में सामरिक महत्व रखते हैं। इस बीच, ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका फारस की खाड़ी में स्थित खर्ग द्वीप को निशाना बना सकता है, जो ईरान का मुख्य तेल टर्मिनल है।




नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान संसद परिसर में एलपीजी की कमी को लेकर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, सपा के सांसद धमेंद्र यादव व अन्य लोग प्रदर्शन करते हुए।

# थाईलैंड नौसेना ने तीन लापता क्रू मेंबर्स को बचाने के लिए ओमान से मदद मांगी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज में चालक दल के तीन लापता सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। इस बीच थाईलैंड नौसेना प्रमुख ने तलाशी अभियान में फौरन मदद के लिए ओमान के अपने समकक्ष से सीधा संवाद कायम किया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में यात्रा के दौरान थाईलैंड के ध्वज वाले इस जहाज पर बुधवार को हमला हुआ था। इसमें चालक दल के कुल 23 थाई सदस्य सवार थे। इनमें से 20 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जो फिलहाल ओमान के तट पर हैं। जहाज की मालिक कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पीसीएल' ने जारी एक बयान में कहा कि चालक दल के तीन सदस्यों के लापता होने की खबर है और अंदेशा है कि हमले में क्षतिग्रस्त जहाज के 'इंजन रूम' में वे फंसे हो सकते हैं। इस हमले के बाद थाईलैंड की रॉयल नेवी के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल पायरोत फुआंगचन ने बुधवार शाम को ओमान की रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर अल राहबी को जरूरी संदेश भेजा। इसमें उन्होंने थाई चालक दल को दी गई फौरी मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को किया तलब

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि उन्होंने नये अमेरिकी राजदूत को उनकी 'गैर-राजनयिक टिप्पणियों' पर स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया है। यह विवाद दक्षिण अफ्रीका की नस्लीय नीतियों एवं अदालती फैसलों पर राजदूत की टिप्पणी के बाद शुरू हुआ है। कंजर्वेटिव दूत ब्रेंट बोझेल ने पिछले महीने ही अपना पद संभाला है। दक्षिण अफ्रीका के अमेरिकी सहयोगी इजरायल के खिलाफ नरसंहार का मामला दर्ज कराने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के श्वेत अफ्रीकी प्रताड़ित किए जा रहे हैं।

# ऊर्जा संकट से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

■ रणनीतिक भंडार से जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल

**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रम्प के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुंचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे। राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनीतिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं।

# खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित

## सुरक्षा परिषद में भारत ने भी 130 से अधिक देशों के साथ प्रस्ताव का किया समर्थन

■ सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया 'भीषण' हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की 'कड़े शब्दों में' निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को 'तत्काल और बिना शर्त' रोकने की मांग की गई है। अमेरिका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है। प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आजमा लिया था।

# रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट

■ राख का गुबार आठ किमी ऊंचाई तक उठा

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया।

कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया कि ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 08 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया। यह विस्फोट करीब 15 मिनट तक चला। राख का यह गुबार पूर्व की ओर अमेरिका के अलेउतियन द्वीपों की दिशा में बढ़ रहा है। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित जोखिमों को देखते हुए विमानन सेवाओं के लिए 'ऑरेंज' एलर्ट जारी किया गया है। शिवेलुच ज्वालामुखी की ऊंचाई 3,283 मीटर है। यह कामचटका के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 440 किलोमीटर और 4500 की आबादी वाले क्लयुची कस्बे से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# जापान में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## 2025 में गंवाए 6.5 करोड़ डॉलर, कंपनियों पर हमलों में चार गुना बढ़ोतरी




■ सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है

**टोक्यो।** जापान में साइबर अपराधियों ने वर्ष 2025 में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के जरिए लगभग 10.4 अरब एन (करीब 6.54 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का रिकॉर्ड नुकसान को अंजाम दिया है।

नेशनल पुलिस एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कुल नुकसान में से 55 प्रतिशत व्यक्तिगत खातों से था, जबकि 45 प्रतिशत हिस्सा कंपनियों का था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 90 प्रतिशत मामलों में 'फिशिंग स्कैम' का इस्तेमाल किया गया। इसमें पीड़ितों को झांसा देकर उनकी गोपनीय जानकारी चुराई गई। पिछले साल की तुलना में 7.3 लाख की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 24.5 लाख मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट की गई नकली वेबसाइटों की संख्या 3 लाख बढ़कर 10 लाख के पार पहुंच गई है। डेटा के अनुसार,फिरौती के मामलों या रैंसमवेयर हमलों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसी घटनाओं में हमलावर डेटा ब्लॉक कर फिरौती मांगते हैं। वर्ष 2025 में कुल 226 मामले सामने आए, जिनमें से 60 प्रतिशत शिकार लघु और मध्यम स्तर की कंपनियां बनीं। आधे से अधिक प्रभावित कंपनियों ने बताया कि डेटा रिकवरी में उन्हें एक करोड़ एन से अधिक का खर्च उठाना पड़ा, जबकि 5 मामलों में यह खर्च 10 करोड़ एन के भी पार निकल गया। जापान की पुलिस एजेंसी ने इस बढ़ते खतरे को देखते हुए नागरिकों और व्यापारिक संस्थानों को अपनी साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन के प्रति अधिक सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# दांडी मार्चः नमक सत्याग्रह ने हिला दिया था ब्रिटिश साम्राज्य को

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी ने अनुयायियों के एक छोटे समूह के साथ साबरमती आश्रम से एक सरल लेकिन क्रांतिकारी योजना को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन यानि 12 मार्च (1930) को दांडी की ओर पैदल यात्रा शुरू की थी। 78 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई यह यात्रा धीरे-धीरे एक ऐसे बवंडर में बदल गई जिसने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका। नमक जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली साधारण सी वस्तु बनाकर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सत्ता को चुनौती देने के लिए शुरू की गई यह पद यात्रा आधुनिक इतिहास की सबसे शक्तिशाली अवज्ञाओं में से एक बन गई। भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में आज भी यह दिन एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाता है।

# आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतराः भारत

**जेनेवा।** भारत ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में इस बात को दोहराया कि आतंकवाद 'मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक' बना हुआ है और इसके खिलाफ एक 'एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता' है। भारत की ओर से राजदूत सिबी जॉर्ज ने परिषद के 61वें सामान्य सत्र में आह्वान किया कि परिषद सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दृढ़ रहे। राजदूत ने कहा कि जैसा कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कुछ दिन पहले इस सम्मानित परिषद को संबोधित करते हुए रेखांकित किया था कि हमारे विचार-विमर्श केवल बयानों और प्रस्तावों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि सबसे कमजोर लोगों के दैनिक जीवन में मूर्त सुधार लाने वाले होने चाहिए। जॉर्ज ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। हमें इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने में अडिग रहना चाहिए। इस मुद्दे पर परिषद को एक स्वर में बोलना जारी रखना चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108